हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 7 जून 2024

तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

11 विश्व पर्यावरण दिवस पर सेलूद हास्पिटल में लगे पौधे



11 बच्चों को शिक्षा के साथ ही अच्छी संस्कार देना ही गुरुकुल की प्राथमिकताः दास



जिम्मेदारों की उदासीनता से भिलाई में हजारों पौधे चट कर गए जानवर

विमलशंकर झा ▶▶ भिलाई

हो सके तो मुझे पानी दो, बड़ा हुआ तो छाया दूंगा..। कवि की इस कविता के हरितिमा के संदेश को शहर में हवा में उड़ाने का खामियाजा भीषण गर्मी में शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। भिलाई में पौधरोपण के नाम पर नगर निगम द्वारा लाखों, करोड़ों फूंकने के बाद भी आधा शहर ड्राई एरिया की तरह बनकर रह गया है। पौधारोपण के कई स्थल वीरान पड़े हैं। औद्योगिक शहर होने के कारण भिलाई में हरियाली की ज्यादा जरुरत है। लेकिन सालों बाद भी नगर निगम भिलाई ने इस दिशा में कोई खास संजीदगी नहीं दिखाई। उल्लेखनीय है कि पेड़ काटे जाने पर दस पौधे लगाने का नियम है । लेकिन इसे लेकर भिलाई निगम कितना जागरुक है, इसकी मिसाल पटरीपार का निगम क्षेत्र यानी आधा शहर पौधों के लिए तरस रहा है। वहीं बाकी आधे शहर यानी बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में लाखों पेड़ लगे हैं। जबकि 50 वार्डों में फैले पटरीपार के क्षेत्र में गिने चुने पेड़ ही हैं,जिसके चलते तपिश थोड़ी अधिक रहती है। कांक्रीट के जंगल में बदलते जा रहे इस क्षेत्र में कई स्थानों पर तामझाम के साथ लाखों रुपए खर्च कर रोंपे गए हजारों पौधे सूख चुके हैं। वर्ष 2020 में राधिका नगर मैदान में पौधारोपण किया गया था। कलेक्टर, कमिश्नर और पत्रकारों से पौधे लगावए गए थे। लेकिन आज इनके नाम की तख्तियां तो दूर एक भी पौधा हरा नहीं है। सैकड़ों पौधों को सुरक्षा के अभाव में जानवर चट कर गए। इसके पूर्व नगर निगम ने वन विभाग के सहयोग से प्रियदर्शनी परिसर मैदान में वर्ष 2015 में हरेली पर पांच हजार पौधे लगाए गए थे। मंत्री, कलेक्टर, डीएफओ व ननि कमिश्नर के साथ नेहरु नगर रेसिडेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों से भी पौधारोपड़ कराया गया था। निगम ने लाखों खर्च कर अखबारों में खूब प्रचार भी किया था। लेकिन कुछ ही दिनों बाद पानी, फेसिंग और देखभाल आदि के अभाव में आज एक भी पेड़ बाकी नहीं है। इसी तरह निगम के सभी पांचों जोन क्षेत्रों में भी हजारों पौधे लगाने का दावा किया गया । लेकिन आज अधिकतर पेड़ गायब हैं, कुछ पौधे ही बचे हैं।

बीएसपी टाउनशिप में लाखों पेड़

भिलाई में एक ही शहर के दो अलग अलग क्षेत्रों में दो विभिन्न दृश्य हैं। टाउनशिप में बीएसपी प्रबंधन ने भिलाई स्टील प्लांट के प्रदूषण नियंत्रण और सुंदरता के लिए 25 लाख पेड़ लगा रखे हैं। वहीं दूसरी ओर नगर निगम के क्षेत्र यानी पटरीपार में गिने चुने पेड़ ही दिखाई देते हैं। टाउनशिप में प्रबंधन हरियाली को लेकर बहुत गंभीर है। यहां पिछले पचास साल से हर साल वन विभाग के साथ बारिश के पूर्व और विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान पौधारोपण किया जाता है। इसके चलते पूरा शहर जंगल की तरह दिखाई देता है।

एक ही शहर के आधे हिस्से में हरियाली तो आधे में वीरानी



बीस साल पूर्व एसपी रमेश शर्मा ने लगवाए पचासों पेड़

पटरीपार के निगम क्षेत्र में बीस साल पूर्व तत्कालीन एसपी रमेश चंद्र शर्मा द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत पुलिस थानों और जीई रोड के किनारे लगवाए गए पौधे लोगों के लिए नजीर बने हुए हैं। 2002-2 में अपने सामाजिक कार्यों से लोकप्रिय हुए एसपी शर्मा ने अभियान चलाकर पचासों पौधे लगवाए थे। यह जीई रोड के किनारे यह आज दरख्त बनकर लोगों और पंछियों की शीतल छाया दे रहे हैं। रिटायर एसपी शर्मा ने यहां फरीदनगर में आदिवासी गरीब बच्चों के लिए स्कूल का संचालन शुरु करवाया और तालाबों की सफाई भी करवाई । शहर का ला एंड आर्डर भी बेहतर रहा। लेकिन उनके इस अनुकरणीय कार्य को उनके उत्तराधिकारी तो दूर जिम्मेदार एजेंसी नगर निगम ने भी गंभीरता सेआगे नहीं बढ़ाया।

खबर संक्षेप

रेस्टोरेंट में लगी आग मशक्कत के बाद काबू में

भिलाई। अचानक जुनवानी स्थित रेस्टोरेंट पर आगजनी की घटना हो गई। सूचना पर पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। रेस्टोरेंट में आगजनी से कितने ल नुकसान हुआ है इसका आकलन नही लगाया गया है। आगजनी इतनी भयंकर थी कि रेस्टोरेंट से दुसरी तरफ दुकान को ओर बढ़ रहा था। समय रहते दमकल वाहन मौके पर पहुची और आग को काबू किया। जिससे बड़ा हादसा होने से टला और भारी जानमाल की नुकसान नही हो पाई। आगजनी का कारण अज्ञात है। बुझाने में अग्निशमन कर्मी विजय चतुर्वेदी,मनोज सोनवानी, कुंजेश देशमुख, युवराज साहु मौजूद थे।

अवैध प्लाटिंग रोकने आयुक्त ने बनाई टीम

भिलाई। निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर अवैध कॉलोनी, अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कार्रवाई कर रहा है। इसमें और गति लाने के लिए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने एक संयुक्त टीम का गठन किया है। जिसमें भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख, उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, एवं शहबाज अहमद, सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारी, सर्वेयर जगमोहन वर्मा सर सहायक राजस्व निरीक्षक शशांक शेखर, सभी संबंधित जोन के जोन आयुक्त से संपर्क करके कॉलोनी, अवैध प्लाटिंग, समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्रवाई करेंगे।

पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जो आवारा पशु रोड में, मार्केट में, मुख्य सड़को पर या अन्य सार्वजनिक स्थल पर घुमते हुए पाये जा रहे है उसे नगर निगम भिलाई के आवारा पशु पकड़ने वाले दल द्वारा पकड़कर गौठान में लाकर रखा जा रहा है। इसी तारतम्य में जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत निदान 1100 में प्राप्त शिकायतो के आधार पर आवारा सांड एवं पशुओ को पकड़ करके गौठान में लाया गया। निगम भिलाई द्वारा बार बार समझाईस देने एवं चालानी कार्रवाई की गई।

दूसरे चरण के अहातों की नीलामी बाद खजाने में आएंगे 11 करोड़

साढ़े सात करोड़ के अहातों के लिए ठेकेदारों ने लगाई 11 करोड़ की बोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के 53 शराब दुकानों के आहतों को बेचने के लिए भले ही आबकारी विभाग ने साढे सात करोड रूपए का बेसरेट निर्धारित किया था। लेकिन आहतों को खरीदने ठेकेदारों ने ऐसी बोली लगाई कि आबकारी महकमा के भी कान खडे हो गए। साढे सात करोड वाली आहतों को खरीदने ठेकेदारों ने 11 करोड़ 10 लाख रूपए तक की बोली लगाई है। इस तरह आबकारी विभाग के खजाने में हर साल 11 करोड़ रूपए से अधिक के राजस्व की आय होगी।

उल्लेखनीय हैं कि विगत दस मई को आबकारी विभाग द्वारा 53 देशी और विदेशी शराब दुकान के आहतों को बेचने के लिए नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई थी। इस दौरान सिर्फ तीन दुकान के लिए आवेदन नही आए थे। वहीं दो दिन के अंदर ठेकेदारों को नीलामी के बाद राशि जमा करना था। लेकिन इसमें करीब पांच लोगों ने राशि जमा नही की थी। जिसके बाद आबकारी विभाग द्वारा तीन आहतों के साथ ही पांच आहतों को एक साथ नीलाम किया गया था। दूसरे चरण में किए गए आठ आहता जिसमें देशी मंदिरा आहाता उतई, देशी मदिरा कम्पोजिट आहाता दादर चरोदा, विदेशी मदिरा चरोदा, देशी मदिरा अंडा, विदेशी मदिरा सिविक सेंटर भिलाई, विदेशी मदिरा ननकट्टी, देशी मदिरा पुरैना और देशी मदिरा कातुलबोर्ड की बोली लगी थी। इन आठ आहातों के लिए विभाग द्वारा एक करोड 25 लाख 41 हजार बेसरेट निर्धारित किए गए थे। लेकिन बोली में एक करोड़ 71 लाख 60300 की बोली लगी थी।

खास बातें

- ऑन-लाइन निविदा के जरिए की गई नीलामी प्रक्रिया पूरी
- देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों में खुलेंगे अहाते
- आचार संहिता के कारण वित्तीय वर्ष के महिने कम मिलेंगे

जिले में संचालित होंगे 53 देशी और विदेशी शराब दुकानों में अहाते



प्रक्रिया पूरी

“ जिले के 53 आहातों की नीलामी पूरी कर ली गई है। नीलामी के बाद आहातों का संचालक भी शुरू हो गया है।

मुकेश अग्रवाल ,सहायक आबकारी अधिकारी, दुर्ग

जिले में शुरू हो गए 53 अहाता

भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद आहता पालिसी तैयार की गई थी। इस प्रक्रिया के लिए प्रत्येक देशी और विदेशी शराब दुकान के पास शराब प्रेमियों को ठिहा उपलब्ध कराने आहता खोला गया है। अफसरों ने बताया कि, 53 आहतों की नीलामी के लिए 7 करोड 56 लाख 95 हजार रूपए निर्धारित किए गए थे। लेकिन ठेकेदारों की रूचि के चलते 11 करोड 10 लाख 57100 की बोली लगी है। इस तरह हर साल आबकारी विभाग को सिर्फ आहते से 11 करोड से अधिक की राशि मिलेगी।

पाटन का अहाता 36 लाख में बिका

विभाग द्वारा निर्धारित बेसरेट की माने तो देशी मदिरा दुकान पाटन 36 लाख 22 हजार रूपए से बोली शुरू होगी, वही इससे ज्यादा महंगी विदेशी मदिरा जामगांव की बोली 84 लाख 10 हजार से शुरू होगी। इसी तरह जामगांव में ही देशी मंदिरा में आहाता के लिए 28 लाख 37 हजार से बोली लगेगी। वहीं देशी मदिरा उतई 26 लाख 67 हजार और सबसे सस्ती आहता विदेश दुकान नयापारा दुर्ग 7 लाख 79 हजार, विदेश मदिरा दुकान जेवरासिरसा 5 लाख 49 हजार और विदेशी मदिरा दुकान अंडा 6 लाख 34 हजार का हैं। इस तरह जिले में 53 देशी और विदेशी आहातों के लिए बेसरेट निर्धारित की गई है। इससे अधिक की बोली लगाने पर आहाता संबंधित का होगा।

आचार संहिता के कारण दो माह देर

अहाता चलाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड ने टेंडर जारी किया है। पिछले दिनों विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगा हुआ था। जिसके कारण आहता की नीलामी नही हो सकी थी। ऐसे में वर्तमान में आहता लेने वाले ठेकेदारों को अप्रैल और मई का राजस्व नुकसान होगा। उन्हें वित्तिय वर्ष 2024-25 के मार्च माह में बोली की पूरी राशि देनी होगी। बहरहाल जिले के शराब दुकानों की नीलामी के बाद ठेकेदार दुकानदारी में जूट गए है।

पहले चरण में 45 दुकानों की नीलामी: पहले चरण में आबाकारी विभाग द्वारा विदेशी मदिरा अहिवारा, दे.म. कम्पोजिट अहाता जोरातराई, देशी मदिरा अहाता पाटन, विदेशी मदिरा डिपरापारा, विदेशी गंजपारा दुर्ग, विदेशी जुनवानी भिलाई, विदेशी पाटन, विदेशी मदिरा पोटिया रोड, विदेशी सुपेला भिलाई, विदेशी धमधा, विदेशी वाइन यार्ड जामगांव, देसी वाइन यार्ड जामगांव, देशी चरोदा बस्ती, देशी नयापारा, दे.म. कम्पोजिट डिपरापारा, दे.म. कम्पोजिट अहाता नंदनीखंदनी, विदेशी अण्डा, दे.म. कम्पोजिट अहिवारा, विदेशी उतई, विदेशी मदिरा नयापारा दुर्ग, दे.म. कम्पोजिट अंजोरा, विदेशी भिलाई-3, दे.म. कम्पोजिट पोटिया रोड दुर्ग, दे.म. कम्पोजिट उरला रोड, दे.म. कम्पोजिट सुपेला, विदेशी मदिरा अहाता मरोदा, दे.म. कम्पोजिट अहाता रिसाली, देशी मरोदा, दे.म. कम्पोजिट अहाता धमधा, विदेशी मदिरा अहाता ट्रांसपोर्ट नगर सिकोल, दे.म. कम्पोजिट ट्रांसपोर्ट नगर, देशी भिलाई-3, विदेशी ए.सी.सी. चौक जामुल, दे.म.कम्पोजिट अहाता ट्रांसपोर्ट नगर, दे.म. कम्पोजिट अहाता तितुरडीह दुर्ग, दे.म. कम्पोजिट अहाता बसंत विहार, विदेशी मदिरा अहाता दुर्ग कातुलबोड रोड, देशी अहाता सिविक सेंटर भिलाई, दे.म. कम्पोजिट अहाता जुनवानी भिलाई, विदेशी मदिरा अहाता जेवरासिरसा, दे.म. कम्पोजिट अहाता कोहका भिलाई, देशी मदिरा अहाता जेवरासिरसा, देशी मदिरा अहाता ए.सी.सी. चौक जामुल, दे.म. कम्पोजिट अहाता केम्प-1 भिलाई, दे.म. कम्पोजिट अहाता ननकट्टी की गई।

धारदार हथियार से युवक की हत्या

पुलिस ने संदेहियों को लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बुधवार की रात युवक की पत्थर व धारदार हथियार से हत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि देवबलौदा निवासी एल चिरंजीवी उर्फ ब्रूसली सी केविन के पास गांधीनगर देव बलोदा क्षेत्र में गांजा और सट्टा में लिप्त है। रात 12 बजे देव बलोदा क्षेत्र में 8 से 9 युवकों ने धारदार हथियार पत्थर से कुचल कर ब्रुसली की हत्या कर फरार हो गए। पुरानी रंजिश के चलते घटना होना बताया जा रहा है। रात 9:30 बजे ब्रुसली कुछ युवकों के साथ शराब पिया और अवैध कार्य करने वाले अर्जुन गैंग के साथ पुरानी रंजिश लंबे समय से चली आ रही थी। इसी बात को लेकर अर्जुन गैंग ,भीम गैंग, गोलू उर्फ दीपक गैंग पिछले दो हफ्तों से युवकों को इकट्ठा कर मौके की ताक में थे। बुधवार की रात शराब पीने के बाद मृतक जैसे ही अपने घर की ओर जाने को निकाला। मौका मिलते ही देव बलोदा क्षेत्र में आरोपियों ने हत्या की वारदात को अंजाम दे दिया। सूचना पर भिलाई तीन पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुची।

पुलिस रात से ही आरोपियों की तलाश में जुटी रही। सूत्रों ने बताया कि कुछ संदेहियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपी पूर्व में भी कई बार अवैध कार्यों के कारण जेल भी जा चुके हैं। हत्या का कारण सामने यह आ रहा है कि दोनों पक्षों में वर्चस्व की लड़ाई है। इसके बाद से पुलिस आरोपियों को पकड़ने में जुट गई है।



मृतक

- पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या का संदेह, संदेहियों से हो रही लगातार पूछताछ

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI CHHATTISGARH R1
AICTE APPROVED
BBA & BCA
1ST TIME IN CHHATTISGARH
• World Class Education
• Internship In Top MNCs
• Top Industrial Tie-ups
OUR MAJOR RECRUITERS :-
accenture
cognizant
DBS
HCL
Deepak Advts.
90161 13333

ज्वाइंट साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन टीम को लेकर आईजी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा साईबर ठगी में कमी लाने और जिले मे हो रहे साईबर क्राइम से बचने के लिए बैठक लिया।

इस दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी सुखनंदन राठौर, सुश्री रिचा मिश्रा , सीएसपी, एसडीओपी समेत थाना प्रभारी, प्रभारी उपस्थित थे। आईजी ने कहा कि जेसीसीटी का अधिक से अधिक उपयोग कर, साइबर फ्रॉड के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली जा रही है। साइबर फ्रॉड से जुड़े प्रकरणों में शीघ्र जांच कर उसे निराकृत कर पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया है।

- साइबर फ्रॉड से जुड़े प्रकरणों का जल्द हो निराकरण

नेवई पुलिस ने हत्या के फरार आरोपी पति की शुरु की तलाश

विवाद के बाद पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नेवई पुलिस ने बताया कि गुरुवार को दल्ली राजहरा निवासी साइमन मसीह सुबह ट्रेन से अपनी पत्नी प्रेरणा मसीह और बच्चे को लेने ससुराल पहुंचा था। पत्नी से घर वापस चलने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि अचानक आरोपी साइमन ने पत्नी प्रेरणा पर चाकू से वार कर दिया। इधर बेटी प्रेरणा की आवाज सुनकर जब पिता सैमुएल तांडी वहां पहुंचे और बीच बचाव का प्रयास किया तो आरोपी साइमन ने अपने ससुर पर भी चाकू से हमला कर दिया। घटना में प्रेरणा की मौके पर मौत हो गई। वहीं ससुर सैमुएल भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आरोपी फरार है। साइमन मसीह और प्रेरणा मसीह दल्ली राजहरा में रहते थे। दोनों का बच्चा भी है। आरोपी साइमन कुछ काम धाम नहीं करता था। शराब के नशे में धुत रहता था। जिससे परेशान होकर उसकी पत्नी प्रेरणा अपने बच्चे को लेकर मायके मरोदा आ गई थी।



सस्ता सस्ता सस्ता
न्यू ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

सीबीडी उद्योगों की बीएसपी अधिकारियों के साथ हुई बैठक

आरबीआई इंडेक्स के हिसाब से रॉ मटेरियल का रेट लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी के सीपीडी में कार्यरत औद्योगिक इकाइयों के एक ग्रुप ने एमएसएमई जिला उद्योग संघ के नेतृत्व में गुरुवार मुख्य महाप्रबंधक एसके गजभिए एवं महाप्रबंधक राजीव सोनटके से मुलाकात की।

मशीनिंग के लिए लगने वाले रॉ मटेरियल में बेतहाशा वृद्धि से परेशान उद्योगपतियों ने मटेरियल का रेट ज्यादा होने से काम का वैल्यू नहीं मिल पाने के कारण काम कर पाने में असमर्थता जताई। उन्होंने आरबीआई इंडेक्स के हिसाब से रॉ मटेरियल का रेट लगाने की मांग की, जिस पर बीएसपी अधिकारियों ने उद्योगपतियों को आस्वस्त किया कि इस समस्या का जल्द निराकरण निकाल लेंगे। उद्योगपतियों ने डीपी एक्सटेंशन देने का भी फैसला किया। एमएसएमई जिला उद्योग संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने परेशानियों का जिक्र करते हुए बीएसपी अधिकारियों को बताया कि वर्षों से आपका टेंडर आ रहा है लेकिन रॉ मटेरियल की कीमतों में बाजार रेट और आपके रेट में तीन गुना का अंतर है। इंडेक्स के हिसाब से देखें तो जो मटेरियल 52 रुपए में मिल रहा है वहीं बीएसपी हमें 148 रुपए में दे रहा है ऐसे में हमें लॉस हो रहा है और ट्रांसपोर्टिंग में भी ज्यादा खर्च हो रहा है। हमारी मांग है कि रॉ मटेरियल की कीमत आरबीआई इंडेक्स के हिसाब से लगाया जाए ताकि रेट में एकरूपता बनी रहे और सभी को मटेरियल बराबर मिले। ऐसी स्थिति में हम ज्यादा से ज्यादा काम कर पाएंगे

बीएसपी अधिकारियों ने ऊपर नीचे का इंडेक्स देखा तो पाया कि बाजार रेट से तीन गुना ज्यादा रेट मटेरियल पर लगा हुआ है। मुख्य महा प्रबंधक श्री गजभिए ने उद्योगपतियों को आस्वस्त किया कि हम इस पर विचार करेंगे। उन्होंने उद्योगपतियों से अपेक्षा की कि जब तक आप लोगों का टेंडर फाइनल नहीं हो जाता, आप लोग 3 महीने के लिए काम न करने का निर्णय स्थगित कर दीजिए, ताकि प्लांट का कैपिटल रिपेयर ना रुके।

सीबीडी उद्योगों की बीएसपी अधिकारियों के साथ हुई बैठक



बीएसपी अधिकारियों ने दिया आश्वासन

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्य महाप्रबंधक की बातों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए प्लांट हित में इसे स्वीकारा और अपने निर्णय को स्थगित कर दिया। मटेरियल के रेट वृद्धि करने के मुद्दे पर श्री गजभिए ने कहा कि हम उस पर जो भी मैक्सिमम होगा उसे करेंगे। सीपीडी में पिछले 40- 50 वर्षों से हम साथ मिलकर काम कर रहे हैं इसलिए उद्यमियों का बेनिफिट जिसमें भी होगा किया जाएगा। जो लोग डीपी एक्सटेंशन देंगे सिर्फ उन्हीं को काम दिया जाएगा। बैठक में एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, चमन लाल बंसल, व्यास प्रसाद शुक्ला, देशराज यादव, अनिल शुक्ला, शिवम बंसल, रामकुमार बंसल, आदित्य सिंह गुप्ता उपस्थित थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

खबर संक्षेप



दस जून से निशुल्क प्रशिक्षण

दुर्ग। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों हेतु 10 जून से निःशुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण हेतु दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार 10 जून को फास्ट फूड मेकिंग का प्रशिक्षण (10 दिन तक), 20 जून को आर्टिफीशियल ज्वेलरी मेकिंग का प्रशिक्षण (13 दिन तक), 28 जून को कम्प्यूटर एकाउंटिंग का प्रशिक्षण (30 दिन तक), 15 जुलाई को फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रशिक्षण (30 दिन तक) एवं 27 जुलाई को मोबाईल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण (30 दिन तक) दिया जाएगा।

आंधी तूफान से 123 ट्रांसफार्मर के फ्यूज पिघले और 73 के डीओ भी उड़े

बिजली बहाल करने में चार दिन लगे, बिजली तार पर गिरे पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



विगत दिनों आंधी तूफान ने जिलेभर में जमकर तबाही मचाई है। दो जून को व्यापक पैमाने पर जिले में बिजली बाधित हुई थी। जिसे निर्बाध बनाए रखने में चार दिन का समय लग गया। बहरहाल बिजली कंपनी का दावा है कि, व्यवस्था दुरूस्त कर ली गई है।

आंधी-तूफान से लगभग 2 दर्जन स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं बिजली लाइनों पर गिर गई थी। हवा के वेग से बिजली के खंभे सहित वितरण तंत्र में ब्रेक-डाउन का गहरा असर हुआ था। अफसरों की माने तो इस व्यवधान को विद्युत कर्मियों ने चंद घंटों में ही ठीक कर दिया और विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी। जिसके कारण रात का अंधेरा गहराने के पहले ही बिजली की रोशनी लौट आई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों को सुशासन के लिए प्रेरित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए है कि, जनहित से जुड़े विषयों और सेवाओं पर पूरी तत्परता से ध्यान देना है। विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष पी. दयानंद तथा एमडी पारेषण एवं वितरण राजेश कुमार शुक्ला ने मैदानी अमले को विशेष हिदायतें दी है। यही वजह है कि, 2 जून 2024 की दोपहर दुर्ग के उत्तरी क्षेत्र में जब आंधी-तूफान से क्षेत्र के सभी फीडर ट्रिप हो गए, तब दुर्ग के विद्युत कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभाला।

लगभग 2 दर्जन स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर एच.टी. तथा एल.टी. लाइनों पर गिर गई थी। जिन्हें खोजकर हटाया गया, साथ ही 6 बिजली खंभे, 33 के.व्ही. क्षमता का 1 नग, 11 के.व्ही. क्षमता के 5 नग, सहित अनेक फीडर ब्रेक-डाउन का शिकार हो गए। इस घटना से 73 ट्रांसफॉर्मर के डी.ओ. फ्यूज उड़ गए।

विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस वोट बैंक में कमी

छह माह में ही कम हुए कांग्रेस पार्टी के एक लाख 45 हजार वोट

संसदीय क्षेत्र की पूरी नौ सीट में रहा खराब प्रदर्शन, हर राउंड में पिछड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विधानसभा चुनाव के छः माह बीतने के बाद ही कांग्रेस का वोट प्रतिशत करीब डेढ लाख तक कम गया। विधानसभा चुनाव में जहां संसदीय क्षेत्र के नौ सीटों पर कांग्रेस को 6 लाख 63 हजार 194 वोट हासिल हुए थे, वह लोकसभा में कम होकर 5 लाख 17 हजार 525 तक रह गए। इस तरह कांग्रेस की वोटिंग प्रतिशत 1 लाख 45 हजार 669 तक गिर गई है।

विधानसभा के मुकाबले लोकसभा में कांग्रेस को मिले वोट बैंक की तुलना की जाए, तो कांग्रेस के नेता अपने वोटरों को साधने में नाकाम रहे है। यही कारण हैं कि, कांग्रेस की वोट बैंक को महज छः माह में ही भाजपा ने झटक लिया और कांग्रेस को बुरी तरह से हार का सामना करना पड गया। बडी बात यह हैं कि, विधानसभा चुनाव में भिलाई नगर और पाटन के जीत वाली सीट से भी बढत नही बना पाई। कांग्रेस के इन दोनो सीटो पर भाजपा ने तय रणनीति के तहत सेंध लगाने में कामयाब रही। पाटन में हार का सबसे बडा नुकसान पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधायक भूपेश बघेल को झेलना पड गया है। क्योंकि भूपेश बघेल के करीबी रहे राजेन्द्र साहू को पाटन की जनता से निराशा हाथ लगी है।

खास बातें

- समीक्षा की घड़ी में भी कांग्रेस भवन में सन्नाटा
- संसदीय सीट के हर राउंड में हारती गए कांग्रेस प्रत्याशी
- आखिरी समय में पार्टी नेताओं का भिड़ना भी नुकसानदायक
- राजेन्द्र साहू को पाटन की जनता से निराशा हाथ लगी



पाटन और भिलाई नगर में गिरे वोट

विधानसभा चुनाव में पाटन से प्रत्याशी रहे भूपेश बघेल को यहां से 95438 वोट मिले थे। ऐसे में ऐसी उम्मीद थी कि, लोकसभा में यह आंकडा उछाल मारेगा। लेकिन लोकसभा में प्रत्याशी रहे राजेन्द्र साहू को छः माह बाद यहां से सिर्फ 72424 वोट ही मिले है। ऐसे में यहां से कांग्रेस प्रत्याशी को विधानसभा के मुकाबले 23014 वोट कम मिले हे। जबकि लोकसभा में भाजपा को यहां से 97607 वोट और कांग्रेस को सिर्फ 72424 वोट मिले है। इसी तरह भिलाई नगर में विधानसभा में देवेन्द्र यादव को 54405 वोट मिले थे। जबकि लोकसभा में यह कम होकर 33463 हो गए।

संगठन का साथ नहीं, अपनों की रही दूरी

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जिला संगठन का साथ कांग्रेस प्रत्याशी को नही मिला। हांलाकि कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने पूरी ताकत झोंक दी थी। लेकिन इतने बडे लोकसभा क्षेत्र को छुने में कही न कही कमी रह गई। चाहे दुर्ग संगठन हो या भिलाई संगठन हो, उन्हें आखिरी समय तक साथ मिलता नही दिखा। दुर्ग कांग्रेस कमेटी के नेता तो प्रचार प्रसार करने मुहूर्त का इंतजार करते रहे। अंतिम पडाव में दुर्ग संगठन के नेता प्रचार में निकले थे। आखिरी समय में कांग्रेस भवन में प्रत्याशी को अपना मोबाइल नंबर टांगना पड गया था।

बगैर हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल, लगाएंगे बैनर पोस्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी दिनों बगैर हेलमेट के पेट्रोल नही मिलेगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा मुहिम चलाई जाएगी। कलेक्टर ने सभी पेट्रोल संचालको की बैठक लेकर हिदायते दी गई है। जिसके तहत अब हेलमेट लगाने पर ही पेट्रोल मिल सकेगा।

जिले में दोपहिया वाहन चालकों की बड़ी संख्या है तथा सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा क्षति दोपहियां वाहन चालकों एवं उनके परिवारजनों को होती है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं से दोपहियां वाहन चालकों को होने वाली क्षति की रोकथाम के संबंध में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दुर्ग अरविन्द एक्का की अध्यक्षता में परिवहन विभाग, खाद्य विभाग एवं पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित की गई।

पेट्रोल संचालक करेंगे प्रचार प्रसार

बैठक में निर्णय लिया गया कि, सभी पेट्रोल पंप संचालक अपने परिसर में दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता एवं हेलमेट नही तो पेट्रोल नही, के संबंध में बैनर प्रदर्शित करेंगे तथा बिना हेलमेट के पेट्रोल भराने आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने पर ही पेट्रोल उपलब्ध कराये जाने की जानकारी देंगे। हेलमेट के उपयोग के लिए जागरूक करने हेतु पुलिस विभाग, यातायात शाखा द्वारा भी नियमित जांच एवं उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

आवासीय कालोनियों में कैच द रेन के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दिन-प्रतिदिन पृथ्वी के नीचे का जल स्तर घटते जा रहा है, उसको रोकने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा आवासीय कालोनियो में कैच द रेन का अभियान छेड़ रखा है। भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियो की टीम बनी है जो आवासीय कालोनियो में जाकर वहां के पदाधिकारियो से बैठक करते है उन्हे कैच द रेन अभियान के बारे में बताते है सभी इस बात से सब सहमत होते है कि हमे वर्षा का जल बचाना है सभी की उपस्थिति में शासन द्वारा दिये गये गाईडलाईन के अनुसार कालोनियो के क्षेत्रफल को ध्यान में रखते हुए वहां गढढा बनाया जाता है। उसमें छोटे पत्थर, बालू, गिटटी इत्यादि डालकर ऐसा सिस्टम लगाया जाता है कि छत से होकर गिरने वाला वर्षा का पानी पाईप लाईन के माध्यम से उस गढढे में आये और धीरे धीरे जल स्तर को बढ़ाये। साथ ही कालोनियो के गार्डन बने है उसमें भी नियमानुसार कैच द रेन पिट बनाया जा रहा है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है कि नगर निगम के जितने भी शासकीय भवन, सार्वजनिक भवन, उद्यान, सांस्कृतिक भवन आदि सभी जगहो में बरसात के जल को संरिक्षत करने के लिए सोख पिट बनाया जाये। उन्होने सभी नागरिको से अपील की है कि नगर निगम के इस अभियान में सहयोगी बने अपने घर से निकलने वाले बरसात के पानी को सीधे नालियो में न जाने दे सोख पिट बना के संरक्षित करें। नगर निगम भिलाई इसमें पुरी तरह से इस अभियान में सहयोग करेगा, हम सब मिलकर ही अपने वाले आने वाली पीढ़ही के लिए जल बचा सकते है।

भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारी शिव शक्ति अपाटमेंट, शिव कृपा अपाटमेंट, ग्रेस भिलाई गणपति कालोनी, दिलीप परिसर, श्रीराम हाईटस, शकुंतला अपाटमेंट, राधिका अपाटमेंट, आम्रपाली कालोनी इत्यादि कालोनियो में जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिम सिस्टम को व्यवस्थित करवाये है। भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख ने बताया कि नगर निगम भिलाई द्वारा सभी आवासीय कालोनियो के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें बेस्ट रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम को लगाने वाले, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कालोनी से निकलने वाले गिले एवं सूखे कचरे को सेग्रिगेट करने वाले, साफ सुथरा कालोनी को रखने वाले, कालोनी के गार्डन से निकलने वाले पत्तो से खाद बनाने वाले आदि सभी हाउसिंग सोसायटीयो के बीच में खुली प्रतियोगिता रखी जा रही है। जिसमें सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले अपाटमेंट को नगर निगम भिलाई द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। उस कालोनी का नाम शासन स्तर के प्रतियोगिता के लिए आगे भी भेजा जायेगा।

कांग्रेस ने मनाया शहादत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

25 मई को झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार एवं अन्य शहीद कांग्रेस के नेतागण व सुरक्षाकर्मियों को आज दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई सर्वप्रथम सभी शहीदों के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके किए गए कार्यों को याद किया गया एवं उनकी शहादत को नमन किया गया

- झीरम घाटी के शहीदों की दी श्रद्धांजलि

अपने उद्बोधन में पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि नक्सलवादियों ने झीरम घाटी में कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर आघात किया एवं उनकी हत्या कर पूरे मानव जाति को कलंकित किया यह अपने आप में मन को दुखी करने वाला कार्य था यह न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए नुकसान था अपितु छत्तीसगढ़ की जनता के लिए भी अभूतपूर्व क्षति है जिसकी भरपाई करना नामुमकिन है प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नंद कुमार पटेल जी ने परिवर्तन यात्रा प्रारंभ कर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एक आंदोलन तैयार किया और वह परिवर्तन यात्रा का जनता पर व्यापक असर हो रहा था । आज हम उन नेताओं को याद कर रहे हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर इस माटी का कर्ज चुकाया यह सदैव हमारे हृदय में रहेंगे एवं इनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर कांग्रेस पार्टी सदैव चलती रहेगी इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गया पटेल , पूर्व उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग आर एन वर्मा, परमजीत सिंह भुई ,ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा राजकुमार साहू प्रवक्ता नासिर खोखर, पार्षद राजकुमार नारायणी, बृजलाल पटेल, पूर्व एल्डरमैन रत्ना नारामदेव, देव सिन्हा ,कृष्णा देवांगन महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर पप्पू श्रीवास्तव, दुष्यंत देवांगन, कौशल किशोर सिंह, विमल यादव , त्रिशरण डोंगरे,फिरोज खान , कल्याण सिंह ठाकुर, छोटेलाल यादव,निर्मला साहू , अली असगर आदि उपस्थित थे।

स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का होगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम पंचायत के रूप में आदर्श संरचना मानते विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर एक विशेष उत्सव मनाने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवागन के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवर के पास विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है।

अमृत सरोवर के किनारे 5 जून को हर साल विश्व पर्यावरण दिवस यानी 'वर्ल्ड एनवारयमेंट डे मनाया जा रहा है। लोगों को प्रकृति से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरुक किया जाता है। साथ ही ग्राम पंचायतों में रैली कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को जलवायु परिवर्तन के के बारे में जानकारी दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के अमृत सरोवर स्थलों के पास विशेष उत्सव आयोजित किया गया इस मौके पर अमृत सरोवर स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान, सफाई गतिविधियां जल संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व के बारे में जागरूकता अभियान आयोजित भी चलाया जा रहा है। जल निकायो के कायाकल्प एवं जीर्णोद्धार के सकारात्मक प्रदर्शित हो सके।

बरगद पेड़ के नीचे की पूजा-अर्चना, मांगी खुशहाली

पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



वट सावित्री के दिन गुरूवार को महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली की कामनाएं की। जिलेभर में महिलाओं ने वट सावित्री की विधि विधानसे पूजा अर्चना किया। इस पर्व को शहर से अंचल तक महिलाओं ने धूमधाम से मनाया।

दुर्ग शहर के न्यू आदर्श नगर जोन 3 मार्ग 8 मार्ग स्थित गार्डन समेत अनेकों स्थानों में आज सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र और सुख शांति की कामना की। वहीं, वट सावित्री पूजा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। वट वृक्ष को मौसमी फल अर्पित कर कच्चे सूत से बांधने और महिलाओं ने आस्था के साथ इसकी परिक्रमा कर पूजा के बाद वट सावित्री कथा भी सुनी। उल्लेखनीय है कि, जेष्ठ मास के अमावस्या के दिन पडने वाले इस पर्व में सुहागिन महिलाओं ने पूजा की थाली सजाकर वट वृक्ष की बारह बार परिक्रमा की और फल फूल चढाकर सुख समृद्धि और पति की लंबी आयु की कामना करती है। इस व्रत का विशेष महत्व है। जहां घरों में नई-नवेली दुल्हनों के साथ सुहागिन महिलाएं बरगद पेड़ के नीचे पहुंची। वट सावित्री पूजा के दौरान स्वेता बक्शी सहित बड़ी संख्या सुहागिनी महिलाएं में वट में कच्चा सूत्र लपेटकर परिक्रमा किया। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि, वट सावित्री पूजन करना फलदायक होता है। व्रत रखने वाली महिलाओं के अनुसार इस व्रत को सबसे पहले सावित्री ने अपने पति सत्यवान की प्राण को यमराज से वापस मांगकर लाई थीं, तब से इस व्रत को सुहागिन करती चली आ रही है।

पूजा नहीं होने तक त्याग देती है जल

वट सावित्री व्रत में महिलाएं 108 बार बरगद की परिक्रमा करती हैं। कहते हैं कि, वट सावित्री पूजन करना बेहद फलदायक होता है। महिलाओ ने ये भी कहा कि इस दिन महिलाएं सुबह से स्नान कर लेती हैं और सुहाग से जुडा हर श्रृंगार करती हैं। जब तक पानी नहीं पीती हैं। जब तक वह पूजा नहीं कर लेती हैं। वट वृक्ष पूजन में सालभर में जो 12 महिने होते है। उसके अनुसार सभी वस्तुएं भी 12 ही चढाई जाती हैं। कच्चे धागे का जनेऊ बनाकर उसको अपने गले में धारण करती है।

शाखा प्रबंधक और समिति कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना अत्तर्गत 'पैक्स कम्प्यूटराईजेशन' देश के समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का डिजिटलाइजेशन किया जाना है। उक्त योजना का क्रियान्वयन राज्य शासन के आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ रायपुर, नाबार्ड रायपुर एवं अपेक्स बैंक रायपुर के दिशा-निर्देशानुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के कार्यक्षेत्र तीनों जिले दुर्ग, बालोद व बेमेतरा की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी बैंक ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टर कार्यालय दुर्ग में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अंतर्गत जिले से प्रथम गो-लाईव करने वाली शाखा एवं सहकारी समितियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वाले शाखा प्रबंधक एवं समिति कर्मचारी जिला बालोद से श्री हेमलाल गजेन्द्र शाखा प्रबंधक, शाखा बालोद एवं अधीनस्त समितियों के प्रभारी क्रमशः मधुसूदन देशमुख बालोद व मेढ़की, जगतराम साहू पाररास व तरीद, सुशीलदास मानिकपुरी साकरा (ज) है। जिला बेमेतरा से एस. के जागड़े, शाखा प्रबंधक शाखा बेमेतरा, विनोद राजपुर समिति बेमेतरा, रोशन बैस लोलेसरा व मोहतरा, उत्तरा टंडन डूण्डा, लल्लू, वर्मा को सम्मानित किया गया।

खबर संक्षेप

देवरी ख में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

अंडा। विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम देवरी ख मे गांव के भाटा तालाब मे गांव में हरियाली आने के लिए छायादार वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इस अवसर पर गांव के सरपंच खिलेन्द्र कुमार साहू, सचिव गुलाब साहू, उर्वशी हरमुख (रोजगार सहायक), एवं मनरेगा मेट ललित साहू, तामेश्वर साहू, कार्ति साहू, नंदनी साहू, कांति सेन कुसुमप्रभा निषाद, कुसुम देशमुख, योगेश्वरी गायकवाड़, तीजन गायकवाड़ आदि उपस्थित थे।

निधन

राम अवतार साहू



भिलाई। पोटिया कला दुर्ग निवासी व कसारीडीह बोरसी मंडल के बीजेपी किसान मोर्चा उपाध्यक्ष राम अवतार साहू का निधन 5 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार पोटिया मुक्तिधाम में किया गया।

दीप शिखा



भिलाई। केला बाड़ी दुर्ग निवासी दीप शिखा का आकस्मिक निधन 5 जून को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 जून को उनके निवास स्थान कुरूद रोड कोहका पुरी आईटीआई के पास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकली जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे बीपी पाल की छोटी बहन एवं राजेश ठाकुर की पत्नी थीं।


पाटन के अमलीडीह गुरुकुल की आधारशिला 13 जून को रखेंगे सीएम साय

बच्चों को शिक्षा के साथ ही अच्छे संस्कार देना ही गुरुकुल की प्राथमिकता: दास

हरिभूमि न्यूज ⏭सेलूद

राजधानी रायपुर से लगे पाटन ब्लॉक के ग्राम अमलीडीह में सहजानंद इंटरनेशनल गुरुकुल शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारवान बनाना, पर्सनालिटी डेवलपमेंट के साथ खेल के लिए क्षेत्र में जल्द ही एक नई पहचान बनाने वाली है। एक विशाल प्रांगण में गुरुकुल की स्थापना की तैयारी जोरों से चल रही है। जिसका विधिवत शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा अर्चना के साथ 13 जून को होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि होंगे। श्रीस्वामी नारायण सेवा समिति द्वारा बीते दिनों मुख्यमंत्री से मिलकर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपनी सहमति दी है। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में प्रमुख रूप से हर्षद पटेल, देवजी भाई पटेल, रामकृष्ण पडरिया, कौशिक भाई शामिल है। इस गुरुकुल में नर्सरी क्लास से कक्षा बारहवी तक का सीबीएससी कोर्स संचालित किया जाएगा।

होगा मुख्यमंत्री का आगमन



लगाई जाएगी विशेष क्लास

स्वामी नारायण सेवा समिति द्वारा अमलीडीह में की सहजानंद इंटरनेशनल गुरुकुल रायपुर का संचालन किए जाने निर्णय लिया गया है। इसकी आधारशिला 13 जून की रखी जाएगी। इसके बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सद शास्त्री घनश्याम प्रकाश दास और सद शास्त्री कृष्ण वल्लभ दास ने बताया कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के अच्छी संस्कार देना ही गुरुकुल की प्राथमिकता रहेगी। शिक्षा के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर के खेल की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया की आज शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार बच्चों के देना जरूरी होता का रहा है। उसी को ध्यान में रखते हुए भगवत गीता का अध्ययन कराने विशेष क्लास भी लगाई जाएगी।

संस्था मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास

इस संस्था से जुड़े हर्षद पटेल, लोकमणि चंद्राकर, प्रकाश चंद्रकार ने बताया कि आज बच्चे पढ़ाई में इतने व्यस्त हो जा रहे है कि उसे अपनी अन्य प्रतिभा जैसे खेल, संस्कृति, बौद्धिक क्षमता दिखाने का अवसर ही नहीं मिलता। सहजानंद इंटरनेशनल गुरुकुल इन विषयों पर भी विशेष फोकस करेगा। संस्था का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास कराना है। सद शास्त्री घनश्याम प्रकाश दास शास्त्री ने आगे बताया कि भारतीय तपोकालीन संस्कृति, सम्पूर्ण विश्व के लिए सदैव आदरणीय एवं वंदनीय रही है। इसका एक मात्र कारण यह है कि भारत में प्राचीनकाल से जो शिक्षा दी जाती है, वह गुरुकुलों से प्राप्त होती है। भगवान श्रीराम से लेकर सभी राजा-महाराजाओं ने गुरुकुलों में रहकर ही शिक्षा प्राप्त की है। हमारे ऋषि-मुनियों ने गुरुकुल के द्वारा ही संस्कार और शिक्षा को आज तक जीवित रखा है। एक समय ऐसा भी था कि गुरुकुल में दी जानेवाली शिक्षा से भारत वर्ष विश्वगुरु के नाम से जाना जाता था। देश का विकास और उन्नति तब ही हो सकती है जब शिक्षा व्यवस्था सही हो। भारत में गुरुकुल परंपरा सबसे पुरानी शिक्षा देने की व्यवस्था है। गुरुकुल की परंपरा से यह आधुनिक समाज, संस्कार, संस्कृति, शिष्टाचार, सामाजिक जागरूकता, मौलिक व्यक्तित्व, बौद्धिक विकास और सभ्यता जैसे अमूल्य गुणों को अपनी आनेवाली सैकड़ों पीढ़ियों को विरासत में दे सकता है। गुरुकुल से जुड़े सभी लोग 13 जून को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए है।

भागवत कथा का दूसरा दिन

अहंकार मनुष्य को पतन की ओर ले जाता है: पं. वासु मोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭सेलूद

ग्राम कसही में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गुरुवार को प्रवचनकर्ता पंडित वासू मोहन दुबे ने सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, कपिलेश्वर अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में भागवत महापुराण से बढ़कर कोई अमृत नहीं है। एक तरफ अमृत और एक तरफ कथा रखें तो भवसागर से मुक्ति का भागवत कथा एक साधन है, इसलिए हर व्यक्ति को भागवत कथा का रसपान करना चाहिए। राजा परीक्षित ने अमृत को ठुकरा दिया और सिर्फ



भागवत कथा को अपनाया। इस दुनिया में उपनिषद और पुराण एक तरफ और एक तरफ भागवत महापुराण, इससे बढ़कर कोई अमृत नहीं हो सकता।

ब्रह्माजी ने एक तरफ सारे उपनिषद पुराण को रख दिया तो एक तरफ भागवत महापुराण को रख दिया। कथाचार्य ने कहा कई लोग कहते हैं कि गुरु बनाने से क्या लाभ होता है। गुरु के द्वारा जो मंत्र दिया जाता है उसका पालन और विश्वास करें, तो जीवन का कल्याण हो जाएगा। जैसे जब तक बंदूक में गोली ना हो उस बंदूक का कोई महत्व नहीं रहता। उसी प्रकार जीवन में भी बिना गुरु के आपका कोई महत्व नहीं है।

इसलिए अपना एक गुरु जरूर बनाएं, गुरु आपको सत्य मार्ग पर ले जाएगा। कथा सुनते समय भगवान पर रखें। उन्होंने कहायदि आप इस भागवत कथा में बैठे हैं और आपको भगवान के प्रति विश्वास और आस्था नहीं है तो आप के बैठने का कोई औचित्य ही नहीं है। अपने मन को एकाग्र करके रखें। जीवन में राम के दो शब्द ही आपके जीवन को भवसागर से पार लगा सकता। उन्होंने कहा की कभी भी अपने पद का अभिमान नहीं करना चाहिए। अहंकार मनुष्य को पाप की ओर ले जाता है। श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण और अनुसरण मनुष्य को मोक्ष प्राप्ति का रास्ता प्रशस्त कराती है। इसके जरिए मनुष्य सत्य, धर्म और मानवता की राह पर चलकर भक्ति में लीन हो जाता है।

बिजनेस साइट

नीट परीक्षा में मोशन के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम



भिलाई। कोटा के टॉप ब्रांड कोचिंग संस्थानों में से एक, मोशन, जो अपने उत्कृष्ट परिणामों के लिए जाना जाता है, अब भिलाई और छत्तीसगढ़ में भी अपना परचम लहरा रहा है। मोशन के छात्रों ने नीट में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, शिक्षक और संस्थान का नाम रोशन किया है। नीट के इस कठिन परीक्षा में मोशन के छात्रों ने न केवल अच्छे अंकों से पास किया, बल्कि टॉप रैंक्स में भी अपनी जगह बनाई। विकास कुमार 705/720, तुषार झा 702/720, विनय विश्वकर्मा 700/720 ने 700 + मार्क्स लाने वालों की सूची में जगह बनाई है एवं प्रभाकर गौतम 680/720, अनुष्का श्रीवास्तव 618/720, कृष्णकांत साहू 615/720, ऋतुराज 600/720 ने 600 + की सूची में जगह बनाई है और किरण गन्नबोइर 586/720, न्यासा साहू 584/720, प्रभाकर गौतम 582/720 लकी टंडन, भावना धीमर, निखिल देशमुख, रोशन सिंह, पलाश बंजारे, भावेश चंद्राकर आदि शानदार मार्क्स लाकर नीट 2024 के एग्जाम में अपना सिलेक्शन सुनिश्चित किया है। मोशन के बेहतरीन शिक्षण पद्धति, अनुभवी शिक्षक और छात्रों के कठिन परिश्रम का फल है कि आज भिलाई और छत्तीसगढ़ के छात्र भी नीट में शानदार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। यह परिणाम उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है जो अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहते हैं। इस शानदार सफलता के बाद, मोशन ने भिलाई और छत्तीसगढ़ के छात्रों के बीच अपनी एक नई पहचान बनाई है। यह संस्थान अब यहां के छात्रों के लिए एक नई उम्मीद की किरण बनकर उभरा है, जो उन्हें मेडिकल क्षेत्र में अपनी मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा। मोशन, भिलाई के निदेशक ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की।

नीट 2024 में शिक्षण संस्थान लर्निंग जोन का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



भिलाई। नीट 2024 में शिक्षण संस्थान लर्निंग जोन ने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत किए हैं। सबसे उच्च अंक रितेश कुंबले के हैं, जिन्होंने 720 में से 716 अंक प्राप्त किए हैं। 14 छात्रों ने 720 में से 650 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कुल 26 छात्रों ने 580 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। शिक्षा संस्थान ने यह प्रतिबद्धता दिखाई है कि वह और बेहतर परिणाम प्रदान करता रहेगा। लर्निंग जोन के शिक्षकों की टीम ने सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्रदान किए हैं। लर्निंग जोन अपनी लगातार कोशिशों और उच्च स्तरीय परिणाम के साथ भिलाई में छात्रों का सर्वश्रेष्ठ विकल्प बन गया है। लर्निंग जोन में नीट और जेईई के छात्रों को पीसीएम और पीसीबी की कोचिंग दी जाती है। यहां सभी सब्जेक्ट एक ही इंस्टिट्यूट में पढ़ाये जाते हैं।

श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 भिलाई की एक और उपलब्धि



भिलाई। एनईईटी यूजी-2024 परीक्षा में श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 भिलाई के विद्यार्थियों में परितोष कन्नौजे 634 अंक, कृष अग्रवाल 634, मोहम्मद अनस खान 557, प्रियल शैलेश 521, ऋषिता हलदर 447, हर्ष गौतम 411, इशिका चक्रवर्ती 405, आद्या दुबे 404, आद्या तिवारी 404, धनंजय 228 ने सफलता प्राप्त कर शाला का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य बिपिन देशमुख, एस स्वामीनाथन सचिव, एसएसईएस और शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों, प्रधान पाठिकाएं व सभी शिक्षकों ने उनकी इस सफलता पर बच्चों व उनके पालकों को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

नीट परीक्षा परिणाम में कोटा स्टडी सर्किल भिलाई व रायपुर के छात्रों की धाक



भिलाई। कोटा स्टडी सर्किल राजस्थान से संबंधित एक उत्कृष्ट कोचिंग संस्था है जहां क्वालिटी आफ एजुकेशन की गारंटी दी जाती है। छत्तीसगढ़ में कोटा स्टडी सर्किल की न्यू सिविक सेंटर में और रायपुर में राजकुमार कॉलेज के सामने स्थित ब्रांच से हाल ही में हुए नीट के परिणाम में कोटा स्टडी सर्किल के 14 छात्रों का 600 से 700 के मध्य जिसमें अनिमेष कुमार 666, वैशाली साहू 645, अमित मिश्रा 633, विकास प्रजापति 621, आलोक शर्मा 614, दीप्ति साहू 611 आदि नाम प्रमुख है। इसके अतिरिक्त करीब 24 स्टूडेंट्स ने 500 से 600 के मध्य मार्क्स गेम की है तथा कुछ एससी एसटी बच्चों के 400 से 500 के बीच में करीब 34 छात्र ने अपना योगदान दिया है। इन छात्रों की पूरी संभावना है कि इन्हें प्रदेश में स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए दाखिला अवश्य मिलेगा। कोटा स्टडी सर्किल के छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय, माता-पिता गुरुजन, कोटा स्टडी सर्किल मैनेजमेंट को दिया है। कोटा स्टडी सर्किल नीट के ड्रॉपर वैचेस 10 तथा 15 जून से प्रारंभ कर रहा है जहां 15 से 30 वर्ष अनवरी कोटा प्रशिक्षित अपनी सेवाएं देगी तथा कोटा स्टडी मैटेरियल, ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज, वतानकुलित कक्षाएं लाइब्रेरी सुविधा, गर्ल्स तथा बॉयज के लिए पृथक पृथक हॉस्टल, बीपीएल कार्ड धारिकों के लिए एवंम डिफेंस में कार्यरत अभिभावकों के छात्र-छात्राओं के लिए फीस में विशेष छूट का प्रावधान रखा गया है। जिन छात्रों का किन्हीं कारणों से सिलेक्शन नहीं हो पाया है उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है बस जरूरत है तो एक आत्मविश्वास के साथ पुनः खड़ा होने की।

विश्व पर्यावरण दिवस पर सेलूद हास्पिटल में लगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭सेलूद

5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरोग्य मंदिर व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सेलूद के संयुक्त तत्वावधान में हास्पिटल परिसर में गुलमोहर व फुलों के पौधे कारोपण किया गया। हास्पिटल परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण किया गया। साथ ही बरसात होने पर विभिन्न जगहो पर पौधा लगाने गड्ढे खोदे गये। जैसे ही मानसून की पहली बारिश शुरू होगी सघन पौधारोपण किया जायेगा । डॉक्टर भावना पाल ने सब से अपील की है कि पेड़ पौधे लगाकर हम बढ़ती गर्मी पर्यावरण के असंतुलन को दूर कर सकते हैं। बड़े पौधे लगाये जो एक वर्ष के अंदर वृक्ष का रूप ले। हम सब यह भी प्रयास कर र कि जो भी पेड़ लगे वो पूरी तरह सुरक्षित रहे और ग्रामीण अधिक से अधिक पेड़ लगाये । इस अवसर पर जायसी, वंदना चौधरी , कोठारी, भुनेश्वरी वर्मा, रामेश्वरी बघेल, अर्जुन सिंह ठाकुर व ग्रामीण मौजूद थे।

- धरती को हरा भरा बनाने व पर्यावरण संतुलन के लिए पौध रोपण आवश्यक



राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार ने किया पौध रोपण



पाटन। उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा मे राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में 05 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में फलदार पौधों का रोपण किया और पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु शपथ लिए साथ ही लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं अधिक से अधिक पौधा लगाने की अपील भी कियें , कार्यक्रम की अध्यक्षता, अधिष्ठाता डॉ.अमित दीक्षित ने किया एवं संपूर्ण कार्यक्रम डॉ.गागेंद्र सिंह राजपूत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारीगण,कर्मचारीगण, रा.से.यो. के स्वंयसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

पिसेगांव में पौधरोपण कर किया जागरूक



अंडा। विश्व पर्यावरण दिवस की उपलक्ष्य में जिला निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने नीम, आम, जामुन, बेल पौधे का वृक्षारोपण ग्राम पिसेगांव शिवनाथ नदी के तट राम जानकी मंदिर के पास युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी विरेन्द्र निषाद युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, भीम सिंह निषाद युगल किशोर निषाद, विनोद निषाद ओमप्रकाश निषाद पिसेगांव आदि ने वृक्षारोपण किया व संकल्प कर लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत करना। प्राकृतिक बिना मानव जीवन संभव नहीं।

केंद्र में मोदी सरकार बनने पर फूटे पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭जामगांव आर



तीसरी बार केंद्र में मोदी प्रधानमंत्री सरकार बनने की खबर से पाटन विधानसभा के भाजपा नेता विजय बघेल के प्रचंड बहुमत के साथ पुनः सांसद बनने और छत्तीसगढ़ की 11 में से 10 लोकसभा चुनाव में विजयश्री मिलने की खबर से भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता और मोदी सरकार के चहेतों में खुशियां छलक पड़ी। वहीं जमकर पटाखे फूटे और नारों की आवाज गांवों में गूंज उठी। लेकिन उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान में भाजपा को मिली चिंतनशील सीट पर भी चर्चा होते रहा। लोकतंत्र में विपक्ष को 234 सांसद का तगड़ा नंबर मिला है। सशक्त विपक्ष का किरदार निभाए देश के विकास में अहम योगदान दे। जामगांव आर भाजपा मंडल के नेता कार्यकर्ता पुनः सांसद निर्वाचित विजय बघेल को प्रत्यक्ष भेंटकर पुष्पहार, बुकें भेंटकर बधाई दिए।

हार की मार से कराहने वाले विपक्ष अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा करते थे। इस बार भाजपा को प्रचंड बहुमत नहीं मिलने पर ईवीएम में खराबी नजर नहीं आ रही है। विपक्ष गूंगे जैसे रोल प्ले कर रहे हैं। आमजनता विपक्षियों की इस अशोभनीय नीति को भलीभांति समझ गए। ये जीते तो ईवीएम ठीक है और हार गए तो हंगामा। लोगों ने कहा कि चुनाव में जीत हार लगी रहती है विपक्ष सकारात्मक भूमिका निभाए अपना इमेज और नंबर बढ़ाए। अनावश्यक कुछ भी नही बोल जाए।

जामगांव आर में सांसद विजय को दिए बधाई

दुर्ग लोकसभा में प्रचंड बहुमत से पुनः सांसद निर्वाचित होने पर विजय बघेल को बधाई देने वालो का ताता लगा रहा। इसी क्रम में जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू , महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, उपाध्यक्ष टेस राम साहू , महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, राजेश बंछोर, पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला, पूर्व महामंत्री भगवान चंद्राकर, भाजपा युवा मोर्चा मंडल नारद साहू, किसान भाजपा नेता कमलेश साहू, उपाध्यक्ष अंगेशवर साहू, पूर्णेंद्र सिन्हा, मेघनाथ सागरवंशी, आदेश यादव, मनीष जैन, द्रोण चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, केशव साहू , संजय साहू आदि ने बधाई दिए।

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि SHRI JASPAL SINGH BHATIA भिलाई इस्पात संयंत्र के भू-खण्ड में निर्मित QR. NO. 015D/AVB/02 (02Q) भिलाई के आबंटन आदेश क्रमांक DGM (TA) / SELHS/ BSP/ TS/ 2001/1058. Dtd. 11.04.2002 किया है।

लीजधारक SHRI JASPAL SINGH के देहान्त उपरान्त उनकी पत्नि SMT. PARVEEN KAUR ने लीज में आबंटित आवास QR. NO. 015D/ AVB/ 02 (02Q), भिलाई का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु कार्यालय में आवेदन किया हैं।

उक्त लीज आवास QR. NO. 015D / AVB/02 (02Q), भिलाई के ढ़ांचा संबंधी हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, व्यक्तियों, शासकीय / अर्ध शासकीय कार्यालय, बैंकों, या वित्तीय संस्थाओं आदि को इस बाबत् कोई आपत्ति, दावा, बंधक पत्र, देनदारी उजर हो, तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति / दावा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं। सनद रहे कि उपरोक्त म्याद / अवधि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की अगली कार्यवाही जारी रहेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
प्रबंधक (आवास लीज)
नगर सेवा विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र

राजस्व मण्डल, छ.ग. बिलासपुर सर्किट कोर्ट, रायपुर

-: राजस्व मामले की नोटिस :-

प्र.क्र. आर.डब्ल्यु./05/आर/अ-6/25/2007
पेशी दिनांकः-08/07/2024
प्रति,

1. अश्वनी लोधी आ. स्व. महरंजन
2. तामेश्वर लोधी आ. स्व. नारायण
3. मकरध्वज आ. स्व. खुमान लोधी तीनों निवासी-ग्राम-गाड़ाघाट तहसील-धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
4. समता बाई आ. स्व. खुमान लोधी
5. हेमराज लोधी आ. केदार दोनों निवासी ग्राम मेड़ेसरा तहसील अहिवारा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
6. गुलापा बाई आ. स्व. खुमान लोधी निवासी-हाटरांका तहसील-साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
7. चितेश्वर लोधी आ. गणेश
8. नादेश्वर लोधी आ. गणेश लोधी दोनों निवासी-ग्राम-परसदा तहसील-अहिवारा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
9. लक्ष्मीचंद आ. स्व. कन्हैया लोधी
10. चेतन आ. स्व. कन्हैया लोधी
11. केशव लोधी आ. स्व. प्रेम लोधी
12. उदेराम लोधी आ. स्व. प्रेम लोधी चारों निवासी-ग्राम-खिलौराखुर्द तहसील-धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पुनर्विलोकनकर्ता मनोहर आ. स्व. नारायण लोधी निवासी ग्राम घसरा, तहसील-धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.), द्वारा न्यायालय सदस्य, राजस्व मंडल छ.ग. बिलासपुर, सर्किट कोर्ट, रायपुर के न्यायालय में पुनर्विलोकन प्रकरण क्रमांक आर. डब्ल्यु /05/आर/अ-6/25/2007, न्यायालय राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़ बिलासपुर सर्किट कोर्ट-रायपुर के प्र.क. ए/05/आर/अ-6/403/2006 पक्षकार महरजंन वगैरह विरूद्ध मनोहर वगैरह, में पारित आदेश दिनांक 15/05/2007 के विरूद्ध पुनर्विलोकन याचिका प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 08/07/2024 को तिथि नियत है।

अतः उक्त दिनांक को समय दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो। यदि उक्त तिथि एवं समय को आप खुद या आपके मुख्त्यार या अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमे का फैसला एकतरफा किया जायेगा।

मुहर
राजस्व मण्डल, छ.ग.
सर्किट कोर्ट रायपुर

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप



शिकसा का शपथ ग्रहण समारोह 12 जून को

अंडा। शिक्षक कला व साहित्य अकादमी शिकसा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राज्य स्तर पर नये प्रांतीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व शिक्षक साथियों को सम्मानित करने के लिये आयोजन शिकसा शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह 2024 का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन में 12 जून को सुबह 10 बजे से वृन्दावन हाल सिविल लाइन रायपुर में किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, रविशंकर शुक्ल विवि पूर्व संचालक डॉ. प्रकाश ठाकुर, उच्च शिक्षा व साहित्य संस्कृतिविद आचार्य व पूर्व प्राचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा एवं छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री जागेश्वरी मेश्राम उपस्थित रहेंगे। संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस ने बताया कि नये कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण, कलेण्डर, शिकसा डायरी, शिकसा परिचायिका व काव्य कृतियों का विमोचन और 161 शिक्षकों को शिकसा शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया जायेगा।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

गुण्डरदेही। गुण्डरदेही थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी खुमेश ठाकुर पर धारा 363, 366, 376(2) (एन) आईपीसी 4, 6 पॉक्सो एक्ट की धारा लगाई गई है। गुण्डरदेही पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी खुमेश ठाकुर एक नाबालिग लड़की को प्रेमप्रसंग में बहला फुसला शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया।

महीनों से दुर्घटना को दावत दे रहा पावरहाउस चौक का अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

व्यस्ततम पावरहाउस चौक पर नगर निगम भिलाई की सुस्ती वाहनचालकों पर भारी पड़ सकती है। अंडरब्रिज साइड में महीनों से व्याप्त अंधेरे के कारण आवागमन दुर्घटनाजन्य बना हुआ है। यहां से रोज हजारों वाहनचालक गुजरते हैं।

पावरहाउस चौक पर अंडरब्रिज शुरु होने के बाद से अंधेरा पसरा होता है। यहां अंडरब्रिज निर्माण के समय से स्ट्रीट लाइट के खंभे हटाए गए थे। लेकिन ब्रिज का निर्माण पूर्ण होने के बाद भी स्ट्रीट लाइट पोल लगाकर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था अब तक नहीं की गई है । क्षेत्रवासियों ने बताया कि अंडरब्रिज साइड में शाम छह बजे से ट्रैफिक बढ़ जाता है। अंधेरे के कारण आवागमन जोखिमपूर्ण बना रहता है। छिटपुट दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। चौक पर करीब दस हाईपावर लाइट की जरुरत है। अंधेरे के कारण चारों ओर से आने जाने वाले वाहनचालकों को सामने से आने वाले वाहन ठीक से दिखाई नहीं देते हैं। भोलेनाथ मंदिर के सामने आसपास स्थल ऊबखाबड़ है और चारों ओर ठेले खोमचों पर भीड़ के कारण भी सदैव ट्रैफिक दुर्घटनाजन्य होता है। प्रदेश पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने बताया कि कई बार भिलाई निगम के अधिकारियों से चौक पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की मांग किए जाने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो बड़े हादसे हो सकते हैं।



नगर निगम व हाइवे सुस्त

महीनों बाद ओवरब्रिज की जली स्ट्रीट लाइटें

अंधेरे में डूबा पावराहाउस ओवरब्रिज रोड महीनों बाद रौशन हो गया है। क्षेत्रवासियों ने ओवरब्रिज की तरह पावरहाउस चौक पर भी पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था किए जाने की मांग की है। राजेंद्र अरोरा ने बताया कि पावराहउस ओवरब्रिज के ऊपर पिछले कई महीनों से स्ट्रीट लाइट बंद थी। नगर निगम से कई बार शिकायत करने पर टाइमर खराब होने की वजह बताते हुए हाथ खड़े किए जा रहे थे। सोमवार को कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम द्वारा पावरहाउस ओवरब्रिज में टाइमर लगाने के बाद स्ट्रीट लाइट जलने लगी है। इससे वाहनचालकों को सुविधा हो रही है।

शर्तों पर वेज रिवीजन का लाभ देने के खिलाफ संयुक्त यूनियन ने खोला मोर्चा

बीएसपी में बायोमेट्रिक अटेंडेंस से उत्पादन पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अधूरे वेतन समझौता के बीच भिलाई इस्पात संयंत्र में बायोमेट्रिक अटेंडेंस की शर्तों के खिलाफ कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रह रहा है । यूनियनों इस मामले में प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। उत्पादन पर विपरीत असर पड़ने की चेतावनी देते हुए प्रबंधन से निर्णय वापस लेने की मांग की है।

भिलाई इस्पात संयंत्र की आठ ट्रेड यूनियनों बीएमएस, इंटक ,एटक, एचएमएस, एक्टू ,इस्पात श्रमिक मंच, लोईमू एवं स्टील वर्कर्स यूनियन ने गुरुवार को संयुक्त रूप से भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी के नाम का ज्ञापन आईआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक रोहित हरित को सौंपा। इसमें यूनियन ने वेज रिवीजन जल्द करने की मांग की और वेज रिवीजन की सुविधाओं/ लाभ के लिए बायोमैट्रिक अटेंडेंस की शर्तों को जोड़ने का कड़ा विरोध किया है । यूनियन ने इससे संयंत्र में अशांति निर्मित होने और उत्पादन पर बुरा प्रभाव पड़ने की चेतावनी दी । बीएमएस, इंटक ,एटक, एचएमएस, एक्टू ,इस्पात श्रमिक मंच, लोईमू एवं स्टील वर्कर्स यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी के नाम आईआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक रोहित हरित को सौंपे ज्ञापन में यूनियन ने बताया कि भिलाई सहित सेल के कर्मचारियों का वेज रिवीजन 1-1 -2017 से लंबित है 1 24 जनवरी 2024 को मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) नई दिल्ली के समक्ष सेल प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया कि ढाई महीने के भीतर वेज रिवीजन को पूरा कर लिया जाएगा लेकिन अभी तक वेज रिवीजन पूरा नहीं होने से कर्मियों में प्रबंधन के प्रति अत्यधिक आक्रोश है ।

संयुक्त यूनियन ने डायरेक्टर इंचार्ज के नाम आईआर को सौंपा ज्ञापन



एकजुटता से विरोध

दिल्ली में सबकमेटी की हुई बैठक में नाईट शिफ्ट एलाउंस और हाउस रेंट आदि मुद्दों को लेकर यूनियनों ने एकजुटता दिखाई थी। लेकिन प्रबंधन ने वेज रिवीजन समझौता के एमओयू की तरह सबकमेटी बैठक में सर्व सम्मति की बजाए बहुमत के आधार पर नाईट शिफ्ट एलाउंस पर निर्णय लिया। इसका यूनियनों ने विरोध किया था और सीटू व बीएमएस ने एमओयू पर हस्ताक्षर भी नहीं किए थे। बीएसपी प्रबंधन के बायोमेट्रिक की शर्त जोड़ने से सभी यूनियनें एकजुट होकर विरोध कर रही हैं। प्रबंधन को ज्ञापन देने के समय बीएमएस से चन्ना केशवलू ,वशिष्ठ वर्मा, इंटक से वंश बहादुर सिंह पूरन वर्मा, एटक से विनय मिश्रा सुंदर लाल, एचएमएस से प्रमोद मिश्रा हरिराम यादव, एक्टू से बृजेंद्र तिवारी, इस्पात श्रमिक मंच से शेख महमूद, लोईमू से डीके सोनी बेदन लाल गेंद्रे, स्टील वर्कर्स यूनियन से टंडन दास सहित सभी यूनियन से यूनियन पदाधिकारी उपस्थित थे।

नाइट शिफ्ट से जोड़ना अनुचित है

यूनियन पदाधिकारियों के मुताबिक 30 मई 2024 को दिल्ली में एनजेसीएस सब कमेटी की बैठक हुई जिसमें नाइट शिफ्ट एलाउंस के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम से अटेंडेंस देने की शर्त जोड़ा गया । बायोमैट्रिक अटेंडेंस हमारे वेज रिवीजन से संबंधित नहीं है इसीलिए वेज रिवीजन के किसी भी लाभ के लिए बायोमेट्रिक की शर्तों को जोड़ने का कड़ा विरोध किया जा रहा है। संयुक्त यूनियन ने कहा कि जब तक सेल कर्मियों का वेज रिवीजन (39 महीने का एरियर ,हाउस रेंट अलाउंस आदि) पूरा नहीं होता है इस बीच प्रबंधन द्वारा किसी भी तरह से बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को लागू किया जाएगा तो संयंत्र में कर्मचारियों का आक्रोश चरम पर पहुंच जाएगा । इस स्थिति में संयंत्र में अशांति निर्मित हो सकती है एवं उत्पादन प्रभावित हो सकता है। अतः शीघ्र बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू करने की प्रक्रिया पर रोक लगायें अन्यथा संयंत्र में किसी भी अप्रिय स्थिति के लिए प्रबंधन जिम्मेदार होगा ।

निगम भिलाई में जल्द होगी भर्तियां

रिक्त पदों में नियुक्ति के लिए शासन को भेजा गया प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिका निगम में जोन आयुक्त, सहायक अभियंता, राजस्व अधिकारी सहित लंबे समय से रिक्त पदों को बहुत ही जल्द भरा जाएगा। आज नगर निगम आयुक्त ने सभी रिक्त पदों के लिए छत्तीसगढ़ शासन के सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र भेजकर जल्द रिक्त पदों को भरने की स्वीकृति मांगी है।

नगर निगम में कल आयुक्त के साथ संयुक्त बैठक में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने निगम भिलाई में कई प्रमुख पदों पर नियुक्ति न किए जाने से काम में हो रहे अवरोध को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त को शीघ्र प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेजने के लिए के निर्देश दिए थे नतीजतन आज इस आशय का मांग पत्र छत्तीसगढ़ शासन को प्रेषित किया गया है।

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि नगर पालिक निगम भिलाई में जोन आयुक्त के 2 पद, सहायक अभियंता के 4 पद,

■ विधायक रिकेश की पहल

विधि अधिकारी का 1 पद, राजस्व अधिकारी के 2 पद, स्वास्थ्य अधिकारी का 1 पद, निगम सचिव का 1 पद, उप अभियंता के 10 पद तथा स्वच्छता निरीक्षक के 4 और राजस्व निरीक्षक के 7 पद लंबे समय से रिक्त हैं। बैठक बाद इन रिक्त पदों की नियुक्ति हेतु मांग पत्र बनाकर निगम आयुक्त के माध्यम से राज्य शासन को भिजवाया गया है ताकि वहां से जल्द से जल्द स्वीकृति प्राप्त होते ही इन पदों पर नियुक्ति की जा सके।

टीम वर्क से हुआ काम

बीएसपी के एसएमएस 3 का सीवी-2 कॉम्बी-कास्टर शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपनी मोडेक्स इकाई, स्टील मेल्टिंग शाप 3 (एसएमएस–3) में सीवी 2 कॉम्बी–कास्टर के नियमित उत्पादन के शुरु होने से महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी कार्यपालक निदेशकों की उपस्थिति मे उद्घाटन किया।

श्री दासगुप्ता ने एसएमएस–3 की टीम को भविष्य में भी संयंत्र के लिए वांछित उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सीवी–2 कम्बी–कास्टर का विवेकपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

8 जून 2023 को मूलतः बीम ब्लैंक कास्टर के रूप में कमीशन किए गए कास्टर सीवी 2 को फिनिशिंग मिलों द्वारा बिलेट्स और ब्लूम्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए काम्बी–कास्टर में परिवर्तित किया गया। रूपांतरण परियोजना को सफल बनाने में भूमिका निभाने वाले मुख्य महाप्रबंधक राजीव कुमार श्रीवास्तव, एम के गुप्ता और महाप्रबंधक जेरी निनान के साथ स्टील जोन टीम भी उपस्थित थी।

सीवी-2 का कॉम्बी-कास्टर में रूपांतरण

सीवी 2 के कम्बी–कास्टर में रूपांतरण की यह उल्लेखनीय उपलब्धि मेसर्स प्राइम मेटल्स और बीएसपी के प्रोजेक्ट्स डिपार्टमेंट और एसएमएस–3 की टीमों के संयुक्त प्रयासों से हासिल हुई। इन टीमों ने एक वर्ष से भी कम समय में सीवी 2 को सफलतापूर्वक कम्बी–कास्टर में परिवर्तित किया।

पृथ्वी की सुरक्षा के लिए पौधारोपण जरूरी: विजय



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से दूसरी बार निर्वाचित सांसद विजय बघेल ने कहा है कि पृथ्वी की सुरक्षा के लिए, पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाते रहेंगे तो प्रकृति के प्रकोप से हम बच नहीं सकेंगे। सांसद श्री बघेल ने यहां अपने कार्यकर्ताओं समर्थकों औऱ आम लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए यह बातें कही।

उन्होंने इस अवसर पर लोगों को अपने घर के आंगन में एक पेड़ जरूर रोपने का आह्वान किया. सांसद विजय बघेल ने इस लोकसभा चुनाव में दूसरी बार भारी मतों से बड़ी जीत हासिल की है. बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता, उनके समर्थक और ग्रामीणजन उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं देने आज उनके भिलाई स्थित निवास पर पहुंचे। सांसद श्री बघेल ने इन कार्यकर्ताओं से भी अपने आंगन में एक पेड़ लगाने का आव्हान किया.

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि अभी बारिश शुरू होने वाली है. मानसून आ रहा है।

नीट-2024 परीक्षा में डीपीएस दुर्ग के 19 विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग के 19 स्टूडेंट्स ने नीट–परीक्षा 2023-2024 (भारत की सबसे बड़ी मेडिकल परीक्षा) में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। जैसा कि हाल ही में घोषित परिणामों से स्पष्ट है। याना अनवर कुरेशी, (2022 एआईएसएससीई में स्कूल टपर भी), ने 675/720 का शानदार स्कोर बनाकर विद्यालय और शिक्षकगणों को गौरान्वित किया। स्कूल के अन्य महान उपलब्धि हासिल करने वालों में निहार कृष्ण मूर्ति मोटघरे, लम्या खुर्शीद सिद्दीकी, अदनान अहमद काजी, मोहम्मद जीशान अख्तर, सुनीत श्रीवास्तव जैसे कुछ नाम शामिल हैं। विद्यालय के प्रो–वाइस चेयरमैन, प्रबंधन, प्राचार्य और शिक्षकों ने उन्हें अपने आशीर्वाद, शुभकामनाओं के साथ बधाई दी।

परिश्रम से मिली कामयाबी

■ मेडिकल परीक्षा में छात्रों ने किया अच्छा प्रदर्शन



नंदिनी खदान में 20 हजार पौधे लगेंगे

बीएसपी और छग वन विकास निगम के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के नंदिनी खदान एवं छत्तीसगढ़ वन विकास निगम द्वारा सीएसआर के अंतर्गत, नंदिनी खदान क्षेत्र में 20,000 पौधों के रोपण हेतु एमओयू साइन किया गया। बीएसपी की ओर से महाप्रबंधक प्रभारी कैलाश मल्होत्र तथा वन विकास निगम की ओर से अनुविभागीय अधिकारी होम लाल साहू द्वारा अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। चिन्हांकित क्षेत्र में नंदिनी खदान व वन विकास निगम दोनों के सहयोग से इस पौधारोपण के औपचारिक शुभारंभ पर, नंदिनी खदान क्षेत्र में 25 पौधों का रोपण किया गया। विभाग द्वारा पौधारोपण के बाद चार साल तक इन रोपित पौधों का रखरखाव एवं देखभाल की जाएगी।



इस अवसर पर बीएसपी की ओर से महाप्रबंधक सुधाकर जाम्बुलकर, उप महाप्रबंधक ओमान टेटे, उप महाप्रबंधक बीरेंद्र कुमार, उप प्रबंधक शशि भूषण प्रसाद, कमला कांत वर्मा आदि उपस्थित थे। वन विकास निगम पानाबरस परियोजना मंडल की ओर से परिक्षेत्र अधिकारी ऋषिन शर्मा, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल राजपूत सहित वैशाली मानस व गणेश्वर बांधे उपस्थित थे।

आरएमपी-3 में कार्मिकों ने रोंपे पौधे

भिलाई। पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीएसपी के रिफ्रैक्टरी मटेरियल्स प्लांट–3 में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागीय कर्मचारियों द्वारा बड़ी संख्या में नीम, बादाम, करंज आदि विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। आरएमपी–3 समूह ने सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।महाप्रबंधक प्रभारी रतन कुमार मुखर्जी, महाप्रबंधकगण सुशांत पाल वसंजय नाइक सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, विभागीय कर्मचारियों तथा संविदा श्रमिकों ने भी पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।





हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 7 जून 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129



जागरुकता रैली

लाइव इवेंट

व्यापारियों ने लोकसभा चुनाव में निभाई अहम भूमिका



भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की टीम प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह को भाजपा की लोकसभा चुनाव में शानदार जीत के लिए बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा में चेम्बर की टीम ने प्रत्येक विधानसभा में व्यापारी सम्मेलन का दायित्व अजय भसीन के नेतृत्व में निभाया है साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने में चेम्बर की भूमिका बहुत अहम रही है जो सराहनीय है। अजय भसीन ने अपनी टीम के साथ 50 विधानसभा में व्यापारी सम्मेलन कराने के लिए बैठक एवं सभा आयोजित की। जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष ने पूरी टीम को धन्यवाद किया। चेम्बर की टीम में भिलाई चेम्बर के अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा, सुनील मिश्रा, शंकर सचदेव, शिवराज शर्मा, चिन्ना राव, पवन जिंदल, मनोहर कृष्णानी, दिलीप इसरानी, सुषमा जेठानी उपस्थित रहे।

- छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स के कार्यो की हुई सराहना

सिटी इवेंट

डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाकर पर्यावरण बचाने की पहल



भिलाई। शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण विश्व का पर्यावरण प्रदूषित होते जा रहा है इसकी सुरक्षा के लिए पेड़-पौधे की कटाई को रोकते हुए अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाना हम सबका दायित्व है। बढ़ते औद्योगिकीकरण के कारण वातावरण प्रदूषित होते जा रहा है जिसका मनुष्य के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है इसलिए जल, जमीन, जंगल का संरक्षण आज के संदर्भ में अति आवश्यक है।यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया भिलाई इकाई के चेयरमेन के. सुब्रमण्यम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण से संबंधित डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई गई।इस दौरान उन्होनें कहा कि आज पृथ्वी खतरे में है प्रत्येक वस्तु को बचाना हम सबकी जिम्मेंदारी है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं द्वारा पौधों का संरक्षण करने के लिए शपथ ली गई। इस अवसर पर डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. के.एल. राठी, ज्योति भरणे, डॉ सुबोध देवांगन, सुरेश राव, अंशुल देवांगन, के स्तुति तथा बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेष्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन डॉ सुषमा यादव ने किया।



सिटी इवेंट

डायरेक्टर इंचार्ज क्रिकेट में आईसीडब्ल्यूए जीता



भिलाई। ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं क्रीडा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं द्वारा आयोजित डायरेक्टर इंचार्ज कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत गुरुवार को आईसीडब्लूए विरुद्ध बीएचयू के मैच में आई सी डब्ल्यू ए 7 विकेट से जीता । प्लेयर ऑफ़ द मैच के जे मणी रहे । बल्लेबाजी बीएचयू 12 ओवर में 7 विकेट पर 70 रन बनाए। आशीष ने 13 रन, त्रिवेंद्र कुमार ने 12 रन बनाए। गेंदबाजी आई सी डब्ल्यू ए के मणी 4 विकेट,गौरव ,शिवा एवं राहुल ने एक-एक विकेट लिया। आईसीडब्ल्यूए ने 8.5 ओवर में तीन विकेट पर 71 रन बनाए।

● कॉलेज कैंपस के भीतर पहुंचते ही ढोल-नगाड़े के साथ किया सीनियर्स का स्वागत

कॉलेज के आखिरी दिन क्लासरूम पहुंचे सीनियर्स खट्टी-मीठी यादें की ताजा, जूनियर्स के साथ थिरके

भिलाई। जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में गुरुवार को फाइनल ईयर के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कॉलेज में हुए फेयरवेल कार्यक्रम के लिए सीनियर्स के क्लासरूम को भी शानदार सजाया गया था। सभी सीनियर्स ने कॉलेज में बिताए दिनों को याद किया और भावुक हुए। सभी आखिरी दिन अपनी क्लास की टेबल पर बैठे और क्लासरूम में बीते खट्टे-मीठे पलों को याद किया। जैसे ही सीनियर्स कॉलेज कैंपस के भीतर पहुंचे, जूनियर छात्रों ने उनका स्वागत ढोल नगाड़े के साथ किया। अपने सीनियर्स पर फूलों की बारिश कराई। माथे पर तिलक लगाकर आने वाले सफर की शुभकामनाएं दी। सीनियर्स भी खूब सजधज कर कॉलेज पहुंचे और डीजे की धुन पर जमकर थिरके।

हर संभव मदद करने का दिलाया भरोसा

सीनियर्स छात्रों ने अपने जूनियर्स को पढ़ाई में हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया वहीं कॉलेज का आखिरी दिन होने के नाते सभी ने हमेशा संपर्क में बने रहने की बात कही। कार्यक्रम में रूंगटा ग्रुप के चेयरमैन संतोष रूंगटा ने भी सीनियर छात्रों को अच्छे कॅरियर और अच्छे स्वास्थ्य के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। संस्था की प्राचार्य डॉ. नीमा एस बालन ने भी छात्रों के अच्छे भविष्य की कामना की।





इनको मिले पुरस्कार

फेयरवेल पार्टी के बाद सभी सीनियर्स स्टूडेंट्स को उनकी कॉलेज लाइफ में अचीवमेंट्स के लिए पुरस्कृत किया गया। एमबीए फोर्थ सेमेस्टर छात्र मिथिलेश को मिस्टर फेयरवेल का टाइटल दिया गया। बीसीए की छात्रा निखत मिस फेयरवेल बनी। मिस्टर ईव का तमगा अहद खान को मिला वहीं मिस ईव प्रिया बनी।



डीजे की धुन पर जमकर थिरके

इस फेयरवेल को यादगार बनाने के लिए कार्यक्रम में प्रोफेशनल डीजे मौजूद रहा। बॉलीवुड और हॉलीवुड गीतों के साथ छत्तीसगढ़ी गीतों पर भी छात्र जमकर झूमे। शाम को शुरू हुई यह महफिल देर रात तक जारी रही। सीनियर और जूनियर छात्रों ने साथ मिलकर कई सारे गेम्स खेले। इसके विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। सभी सीनियर छात्राएं साड़ी पहन कर पहुंची थी, वहीं छात्र कुर्ता पायजामा कार्यक्रम में चारचांद लगाने पहुंचे। कार्यक्रम के आयोजन में फैकल्टी डॉ. अमित श्रीवास्तव, डॉ. सुशील पुनवतकर, डॉ. सुषमा श्रीवास्तव और ज्योति तिवारी का योगदान रहा। सभी सीनियर्स व जूनियर्स ने हमेशा एक-दूसरे के कांन्टेक्ट में रहने मोबाईल नंबर व फोटो लिए।

पलाश के पौधों को रोपित कर कम से कम एक पौधा लगाने दिया संदेश

भिलाई। पर्यावरण दिवस के अवसर पर ट्विनसिटी को हराभरा बनाने रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था द्वारा सेक्टर 2 में औषधीय पौधों को रोपित किया गया। मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं व सुख-दुख से जुड़े तीन ब्रम्हा, विष्णु, महेश देवताओं के महत्व को देखते हुये पलाश के पौधों का रोपण विशेष अतिथि डॉ. मानसी गुलाटी संस्था संरक्षक और रजनी रजक द्वारा लगाया गया। साथ ही बढ़ते तापमान को देखते हुये सभी जनों से कम से कम एक पौधा लगाने का आग्रह उपस्थित जनों से किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हसदेव जंगल की कटाई पर रोक लगाने मांग भी की



गई। इस अवसर पर समस्त पर्यावरण मित्र मण्डल परिवार, ओम ओझा अन्तर्राष्ट्रीय तैराक कोच गांव पुरई, मालती यादव कोषाध्यक्ष, संदीप पांडेय, उत्तरा मेश्राम एवं संस्था की अध्यक्ष शान्ता शर्मा उपस्थित रहीं।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने कैंपस में किया पौधरोपण



भिलाई। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट कुम्हारी में विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत कैंपस में पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे कैंपस निदेशक प्रीति गुरनानी एवं कैंपस के प्रधानाचार्य सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। कैंपस में उपस्थित सभी शिक्षकों के बीच यह सन्देश पहुंचाया गया कि प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के लिए पर्यावरण दिवस मनाकर लोगों को जागरूक करना बहुत आवश्यक है जिससे कि सभी लोगों को प्रकृति सहेजने के लिए प्रेरित किया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस के इस कार्यक्रम के लिए श्री रावतपुरा लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष जे.के. उपाध्याय ने सभी को शुभकामनाएं दी। साथ ही अनवरत ऐसे जागरुकता कार्य करते रहने के लिए सबको प्रेरित किया।

कार्नर न्यूज

महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर किया वट सावित्री व्रत



पति की दीर्घायु व अखंड सौभाग्य की कामना रख की वट वृक्ष की परिक्रमा, मांगा आशीर्वाद



भिलाई। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को सुहागिनों ने बट वृक्ष की विधिवत पूजा कर अपने पति के दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना कर आर्शिवाद लिया। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए गुरुवार की सुबह से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा की थाल सजाकर बट वृक्ष के पास व मंदिरों में एकत्र होकर वट सावित्री व्रत की कथा सुनकर विधिवत पूजा अर्चना की।

सावित्री व सत्यवान की कथा सुनी

इस दौरान सुहागिनों ने अक्षत, रोली, चंदन व पूजा सामाग्री अर्पित कर वट वृक्ष को कच्चे सूत से बांधकर सात, ग्यारह व इक्कीस मानतानुसार परिक्रमा की साथ ही सावित्री व सत्यवान की कथा सुनी। जिसके बाद वृक्ष की छांव के नीचे बैठकर ध्यान लगाया और प्रसाद ग्रहण किया। कई स्थानों में भजन-कीर्तन भी किए गए। गुरुवार का दिन भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। इसलिए आज वट सावित्री पूजा के लिए सुहागिनों ने अपने पति के लंबी आयु के लिए विशेष पूजा अर्चना की।

सिटी इवेंट

योगाभ्यास से शिक्षकों के व्यवहार पर हुए प्रभाव में सावित्री ने किया शोध



भिलाई। योगाभ्यास से शिक्षकों के व्यवहार में होने वाले सकारात्मक प्रभाव पर सावित्री जंघेल ने डॉ. बनिता सिन्हा, विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मार्गदर्शन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि प्राप्त की है। सावित्री ने अपना शोध योगाभ्यास का शिक्षकों की रक्षा युक्ति एवं कक्षाकक्ष व्यवहार पर प्रभाव का अध्ययन विषय पर शोध कार्य किया। शोध कार्य के लिए राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ विकासखंड और खैरागढ़ विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय के 120 शिक्षकों को लिया। प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को तीन महिने तक योगाभ्यास में आसन, प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास कराया गया। शोध कार्य से निष्कर्ष निकला कि योगाभ्यास करने से शिक्षक शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ होते है। जिससे वे वास्तविक स्थितियों का सामना करने के लिए मजबूत बनते है और वह वास्तविकता से पलायन करने वाली रक्षा युक्ति उपयोग का कम उपयोग करते है। वे चीजों को पटकने, अपशब्द कहने, दूसरों पर आरोप लगाने, स्वयं पर दोष लगाने आदि रक्षा युक्ति उपयोग में कमी करते है तथा अपने सिद्धांतों पर मजबूती से अडिग रहने और नकारात्मक परिस्थिति में भी सकारात्मक व्यवहार करने वाले रक्षा युक्ति उपायों का अधिक उपयोग करते है।

योगाभ्यास से शिक्षकों के रक्षा युक्ति उपायों के उपयोग करने में कमी आती है तथा उनका कक्षाकक्ष व्यवहार बेहतर होता है।

शोध में मे कहा गया कि विद्यालय में प्रशासकों को योग जैसे विषय पर सेमीनार व चर्चा का आयोजन कर जागरुकता फैलाई जानी चाहिए। देश और समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका तभी सार्थक हो सकती है जब शिक्षक स्वयं स्वस्थ हो।

आयोजन

सीमेंट फैक्ट्री परिसर में लगाएं छायादार पौधे, लिया संकल्प



भिलाई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जेके लक्ष्मी सीमेंट द्वारा पौधरोपण का वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जेके लक्ष्मी सीमेंट माइंस सिमरिया ग्राम एवं स्वास्थ्य केंद्र अहिवारा में भी छायादार पौधो को रोपित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संयंत्र प्रमुख मुकुल श्रीवास्तव उपस्थित होकर पर्यावरण संरक्षण के महत्व बताया एवं कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के आसपास एवं कार्य स्थल में पौधे अवश्य लगाएं। पौधों की देखभाल कर उसे भरपूर पानी एवं रखरखाव कर बड़ा करना चाहिए, पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेंदारी है। जिसे हम सबको समझकर अपना सामाजिक दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर जेके लक्ष्मी सीमेंट के मानव संसाधन विभाग के प्रमुख कप्तान शिरीष शुक्ला ने कहा कि जेके लक्ष्मी संयंत्र द्वारा कारखाना एवं आसपास लगातार पौधरोपण किया जा रहा है, जिससे कि पर्यावरण संरक्षण किया जा सके। साथ ही साथ लगातार पर्यावरण जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कारखाने में पर्यावरण संरक्षण पर क्विज कांपीटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। जेके लक्ष्मी सीमेंट के हॉर्टिकल्चर सीएसआर एवं एनवायरमेंट विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संयंत्र प्रमुख मुकुल श्रीवास्तव, ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डीपी ठाकुर, डॉ रवींद्र वर्मा, संजय सूद, शिरीष शुक्ला, बाबूलाल भाटी, संजय अरोड़ा, मनीष तिवारी, कंपनी के एनवायरनमेंट विभाग, सीएसआर विभाग एवं हॉर्टिकल्चर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित अन्य विभागों के प्रमुख एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

ऑफिसर एसोसिएशन ने लगाए पौधे

भिलाई। ऑफिसर्स एसोसिएशन, बीएसपी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वामी विवेकानंद सेवा केन्द्र, सेक्टर-10, में पौधारोपण किया। अध्यक्ष एनके बंछोर ने कहा यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़-पौधों के महत्व को समझें। इसका दुष्प्रभाव हमारे आने वाले पीढ़ियों पर बहुत अधिक पड़ेगा। इस अवसर पर महासच्चिदर सिंह सहित उपाध्यक्ष तुषार सिंह, सचिव संजय तिवारी, रेमी थॉमस, संतोष सिंह, एस.के. मालवीय, अजय चौरसिया, राजेन्द्र मंत्री, सतीश मित्तल ने पौधे लगाए ।



● शनि जयंती एवं ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर शरबत, आम का पना एवं ठंडे पानी का निःशुल्क वितरण

न्याय के देवता की मनाई गई जयंती, शनि देव का अभिषेक कर शरबत और पानी का किया वितरण

भिलाई। शनि जयंती एवं ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर राजस्थानी गौड़ ब्राम्हण समाज महिला मंडल दुर्ग एवं जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा दुर्गा मंदिर, गंजपारा में सभी आम राहगीरों एवं शनि मंदिर करने पहुंचे भक्तों को शरबत व आम का पना व ठंडे पानी का वितरण किया गया। राजस्थानी गौड़ ब्राम्हण समाज की महिलाओं एवं जन समर्पण सेवा संस्था के सभी सदस्यों ने मिलकर गंजपारा में शरबत, आम पना व ठंडे पानी का वितरण किया। सभी महिलाओं एवं युवा सदस्यों सहित आशीष गुप्ता व मनोज गुप्ता अपने घरों से शरबत बनाकर लाएं थे। समाज की महिलाओं ने पूरा साथ देते हुए शरबत बनाने एवं वितरण करने में सहयोग किया।

11 बजे से दुर्गा मंदिर के सामने शरबत वितरण किया गया। गंजपारा स्थित प्राचीन शनि मंदिर में मंदिर के पुजारी राजेन्द्र शर्मा द्वारा आज शनि जयंती पर गंजपारा में भंडारा का अयोजन किया गया। भंडारे के आगे आम नागरिकों को गर्म हवा से राहत देने ठंडा पानी, शरबत व आम पना वितरण किया गया। श्री राजस्थानी गौड़ ब्राम्हण समाज के बसंत शर्मा एवं जन समर्पण सेवा संस्था के सुजल शर्मा ने बताया कि गर्मी अत्यधिक होने के कारण शरबत एवं ठंडा पानी का वितरण देर तक चलता रहा।



जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन का किया वितरण

जिसमें लगभग 5 हजार राहगीरों एवं शनि मंदिर में आये धर्मप्रेमियों को वितरण किया गया। पूरे आयोजन में सत्तीचौरा वासियों का पूरा सहयोग एवं योगदान रहा। सभी ने मिलकर राह चलते नागरिकों को शरबत पिलाया, साथ ही ठेला, रिक्शा चलाने वाले एवं रोजी मजदूरी करने वाले मजदूरों को एक दिन के लिए पानी की एक बोतल व शरबत भरकर शाम 4 बजे तक वितरण किया गया। जिसके बाद शाम 7 बजे दुर्ग के विभिन्न स्थान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड मालवीय नगर, पुलगांव जाकर तहसील ऑफिस के पास पुराना बस स्टैंड, शहीद चौक बस स्टैंड, चंडी चौक में जाकर मेहनत मजदूरी करने वाले गरीब, असहाय, दिव्यांगों व फुटपात में रहने वाले लगभग 450 से अधिक जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन के साथ पानी, मिष्ठान, नमकीन, मठा, बिस्किट का वितरण किया गया।



जन समर्पण सेवा संस्था का आयोजन

जन समर्पण सेवा सँस्था दुर्ग द्वारा इस भीषण गर्मी में गंजपारा दुर्गा मंदिर के पास 2 स्थानों पर आम राहगीरों के लिए पानी प्याऊ भी पिछले 2 माह से चलाया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन ठंडा पानी सैकड़ों आम नागरिकों की प्यास भुजाई जा रही है. इस पूरे आयोजन में राजेन्द्र शर्मा, बसंत शर्मा, रमेश शर्मा, प्रमोद जोशी, जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, किरण शर्मा, मिथला देवी शर्मा, सारिका शर्मा, मधु शर्मा, अर्चना शर्मा, मनोरमा शर्मा, चंदा शर्मा, सरोज फुल बाज, सोनम फुल बाज, सरिता शर्मा, प्रेमलता शर्मा, किरण सेन के साथ ब्राम्हण समाज, सेवा संस्था सहित सैकड़ों गंजपारा वासी उपस्थित रहे।

जागरुकता रैली

पर्यावरण संरक्षण के लिए निकली जागरुकता रैली, लोगों को पौधरोपण का बताया महत्व



भिलाई। 37 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी दुर्ग के निर्देशानुसार सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई की एनसीसी इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया था। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा पौधा लगा कर पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई की प्रभारी प्राचार्या डॉ शाईनी मेंडोन्स, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग थी। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स के पर्यावरण के प्रति जागरुकता के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी समाज में पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाएंगे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही जागरूकता रैली के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन एवं प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ पी एस वर्गीस ने कार्यक्रम के आयोजन व सेवा कार्यो के लिए एनसीसी इकाई को प्रोत्साहित किया। प्राचार्या डॉ. शाईनी मेंडोंन्स ने सभी एनसीसी कैडेट्स को पर्यावरण के मुद्दों पर वैश्विक जागरूकता बढ़ाने और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने को कहा। साथ ही पेड़ पौधों को सुरक्षित रखने और अधिक से अधिक पौधारोपण करने की बातें कहीं। महाविद्यालय की एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ.सुरेखा जवादे ने सभी एनसीसी कैडेट्स को इस आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट संतोष यादव ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं एनसीसी कैडेट्स को धन्यवाद देते हुए स्वच्छ एवं सुंदर पर्यावरण के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई मे मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस पर आर्टकॉम

पटरी पार तापमान को नियंत्रित करने दिए जाएंगे निःशुल्क पौधे





भिलाई। विश्व पर्यावरण दिवस पर आर्टकॉम के अभियान हर आंगन एक पेड़ के तहत सुपेला चौक में निशुल्क पौधो का वितरण किया गया। पटरी पार बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने सभी से आह्वान किया गया। आर्टकॉम के दौरान सदस्यों ने सुपेला चौक पर लगभग 2 सौ पौधे आमजन को वितरित कर सभी को पौधे के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर शहर के ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर एवं भिलाई इस्पात संयंत्र ऑफिसर संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र बछोर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

संस्था के संचालक निशु पांडे ने कहा कि यह आर्टकॉम की मुहिम का छठवां वर्ष है हर वर्ष की तरह आगामी संपूर्ण बारिश में हर रविवार को हमारी संस्था के प्रत्येक सदस्य दो से चार घंटे पौधरोपण करने के लिए देंगे। संस्था के संरक्षक करमजीत सिंह ने कहा इस अभियान को सफल बनाने भिलाई का एक-एक सदस्य कंधे से कंधा मिलाकर चले।

इस अवसर पर संस्था के शारदा गुप्ता ने कहा कि सीमेंट और कॉन्क्रीट का जाल को कम करते हुए पौधरोपण की संख्या को बढ़ाएं। विश्व में रोज फुटबॉल ग्राउंड के जितना पेड़ काट रहे हैं उसी अनुपात में पेड़ों का लगाकर और उनका संरक्षण करना हम सभी को नितांत आवश्यक है। संस्था के संरक्षक रमेश श्रीवास्तव एवं विनोद उपाध्याय ने कहा कि पटरी पर जिस तरह से तापमान अनियंत्रित हो रहा है लगातार बढ़ रहा है उसे दिशा में हम सभी को सार्थक पहल करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर संस्था के सदस्यों में करमजीत सिंह ,शारदा गुप्ता, रमेश श्रीवास्तव, अमिताभ भट्टाचार्य, नीलकमल सोनी, हंसराज पटेल रवि सिंह हरिशंकर चतुर्वेदी विनोद उपाध्याय डॉ प्रदीप चौधरी प्रशांत सागर सुदीप अग्रवाल ,सच्चिदानंद दुबे ,बंटी नाहर ,विजय गुप्ता, बलवीर सहगल श्रीनिवास मिश्रा. जी संजय तिवारी, सुभाष शर्मा, सुनील शर्मा, डीपी साहु, अशोक कुमार, योगेश यदु, मुकेश नेताम एवं अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

कार्नर न्यूज

छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान मिलता है आयोजनों से

भारती विवि दुर्ग में सात दिवसीय फॉरेंसिक साइंस कार्यशाला का आयोजन

मॉक क्राइम सीन इंवेस्टिगेशन और फिंगरप्रिंट विश्लेषण की दी गई जानकारी

भिलाई। भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के फॉरेंसिक साइंस विभाग के तत्वावधान में सात दिवसीय फॉरेंसिक साइंस कार्यशाला का अयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों और पेशेवरों को फॉरेंसिक विज्ञान के विभिन्न पहलुओं के बारे में गहन जानकारी प्रदान करना था।

कार्यशाला में समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ आर एन सिंह, डायरेक्टर अकादमिक उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करती हैं और उन्हें अपने करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में सहायता करती हैं। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इस सात दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया।



मॉक क्राइम सीन इंवेस्टिगेशन का आयोजन

प्रतिभागियों के लिए आउटडोर मॉक क्राइम सीन इंवेस्टिगेशन का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को वास्तविक अपराध स्थल जैसा माहौल तैयार करके साक्ष्य जुटाने और उनकी जांच के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। इंडोर मॉक क्राइम सीन इंवेस्टिगेशन सत्र में छात्रों ने घर के अंदर घटित अपराधों की जांच के लिए विभिन्न तकनीकों और प्रक्रियाओं का अभ्यास किया। फिंगरप्रिंट विश्लेषण पर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने छात्रों को फिंगरप्रिंट की पहचान, संग्रह और विश्लेषण की प्रक्रियाओं के बारे में सिखाया गया।

प्रतिभागियों के एबीओ ब्लड गुपिंग पर व्याख्यान

प्रतिभागियों के लिए एबीओ ब्लड गुपिंग पर व्याख्यान दिया गया। इस सत्र में छात्रों ने रक्त के नमूनों की पहचान और गुपिंग की तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीक्रेट राइटिंग एग्जामिनेशन पर भी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को गुप्त लेखन और उसकी जांच की विधियों के बारे में बताया गया। कार्यशाला में प्रतिभागी छात्रों को फॉरेंसिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में गहन और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। प्रतिभागियों ने इस पहल के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन का धन्यवाद देत हुए भविष्य में ऐसे ही और कार्यशालाओं की उम्मीद जताई।

कार्यशाला के आयोजन में फॉरेंसिक साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष निशा पटेल और सहायक प्राध्यापक जयंत बारिक का विशेष योगदान रहा।

सिटी स्पोर्ट्स

स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप से खुलेगी आस्ट्रेलिया की राह



रायपुर। वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया छत्तीसगढ़ एसोसिएशन के तत्वाधान में 16 जून को ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर, रायपुर में स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवम महासचिव हेमंत परमाले ने बताया कि स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम का गठन किया जाएगा। जिसमे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी उज्जैन में 3 से 7 जुलाई को नेशनल पावर लिफ्टिंग की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जहा से आस्ट्रेलिया के लिए चयन होगा। इसमें छत्तीसगढ़ से 3 से 5 खिलाड़ी का आस्ट्रेलिया जाना लगभग तय है। इस प्रतियोगिता में अपने अपने ग्रुप के सर्वाधिक वजन उठाने वाले खिताबधारी खिलाड़ी को 21000 नगद इनाम के साथ आकर्षक मेडल एवम मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता उम्र और वजन के आधार पर होगी, इसलिए सभी प्रतिभागी को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

सीसीपीएल का फिक्सचर जारी, ओपनिंग मैच में आज बिलासपुर बुल्स टकराएंगे रायपुर राइनोस से

रायपुर। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आगामी 7 से 16 जून तक रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में होने वाले छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का फिक्सचर जारी कर दिया गया है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला बिलासपुर बुल्स और रायपुर राइनोस के मध्य 7 जून को शाम 8 बजे से खेला जायेगा। ज्ञात हो स्पर्धा में एंट्री पूर्णतः फ्री रखी गई है। स्पर्धा में प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे। जिसमे पहला दोपहर बाद 3.15 बजे व दूसरा शाम 7.15 बजे से आयोजित होगा। टूर्नामेंट के सभी मैचेस को सोनी टीवी पर लाइव देखे जा सकते है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आगामी 7 से 16 जून तक आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग मुकाबले के लिए सभी टीम अपने सम्बंधित जिला संघ में इस लीग में बेहतर परफॉरमेंस के लिए पसीना बहा रहे है। ज्ञात हो इस मुकाबले में सीएससीएस के टॉप खिलाड़ियों को अलग अलग 6 टीम में बांटा गया है जिनके बीच यह टूर्नामेंट रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेले जायेंगे। सीएससीएस द्वारा जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है कि इन मुकाबलों का लुत्फ़ उठाने जो दर्शक आएंगे उनके द्वारा दर्शक दीर्घा में आये 6 रन वाली गेंद को जो भी लपकने में कामयाब होंगे उन्हें 10 हजार का इनाम दिया जायेगा।

अंडर 16 एलिट ग्रुप क्रिकेट स्पर्धा का चैंपियन बना रायपुर



रायपुर। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा जारी अंडर 16 एलिट ग्रुप क्रिकेट स्पर्धा में रायपुर और दुर्ग के बीच फाइनल मुकाबला भिलाई में खेला गया। दुर्ग ने टॉस जीतते हुए पहले बैटिंग का फैसला किया। दुर्ग ने 61.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 159 रन बनाये। रायपुर ने पहली पारी में खेलते हुए 141 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 468 रन बनाये। रायपुर की तरफ से हर्षित यादव ने 135 रन और वेदांश खेड़िया ने शानदार 122 रन और अमेया मोरे ने 84 रनो का योगदान दिया। दुर्ग की तरफ से चन्द्रांश यादव ने 4 विकेट झटके। तीसरे दिन की समाप्ति तक रायपुर 309 रन की बढ़त बनाए। चौथे और अंतिम दिन का खेल पिच के गीले होने की वजह से नहीं खेला जा सका और रायपुर की टीम पहले दिन की बढ़त के आधार पर जीतने में कामयाब रही।

पहले वृद्धावस्था के लक्षण में गिना जाता था गठिया को, अब हालात बदल गए

अपनी दिनचर्या नहीं सुधारी तो कम उम्र में शिकार हो सकते हैं गठिया के, सावधानी बरतें

आर्थराइटिस यानी गठिया की समस्या को एक दशक पहले तक उम्र बढ़ने के साथ होने वाली दिक्कत के रूप में जाना जाता था, हालांकि अब कम उम्र के लोग भी इसके शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हड्डियों में कमजोरी और इससे संबंधित समस्याओं को बढ़ते हुए देखा जा रहा है। आर्थराइटिस की समस्या के कारण रोजमर्रा के कार्यों में बाधा आ सकती है, ये जीवन की गुणवत्ता को भी प्रभावित करने वाली हो सकती है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले एक दशक में 35 से कम आयु वालों में आर्थराइटिस के मामले तेजी से बढ़ते देखे गए हैं। युवाओं में ऑस्टियोआर्थराइटिस के लिए अधिक वजन या मोटापा को प्रमुख कारण माना जाता रहा है। आइए जानते हैं कि इसके और क्या कारण हो सकते हैं और इससे बचाव के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए?



गठिया के बढ़ते मामले

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया अधिक वजन की स्थिति जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव डालती है, जिससे गठिया का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा गतिहीन जीवनशैली, ज्यादा देर तक बैठे रहना या व्यायाम न करना भी इस समस्या का कारण बन सकती है। जीवनशैली में कुछ बदलाव करने से गठिया होने का जोखिम काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि कौन सी आदतें आर्थराइटिस का कारण बन सकती हैं?



धूम्रपान करते हैं तो हो जाएं सावधान

धूम्रपान की आदत को आर्थराइटिस के प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है, ये रूमेटाइड अर्थराइटिस के बढ़ते जोखिमों के लिए भी जिम्मेदार पाया गया है। धूम्रपान के कारण जोड़ों में कठोरता बढ़ने का जोखिम रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, धूम्रपान छोड़ने से इसके जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया धूम्रपान करने वाले लोगों को जोड़ों की सेहत को लेकर और भी सावधानी बरतते रहने की जरूरत होती है।

वजन को कंट्रोल रखना जरूरी



अधिक वजन को जोड़ों के लिए समस्याकारक माना जाता है इससे अर्थराइटिस, विशेष रूप से ऑस्टियोआर्थराइटिस का जोखिम बढ़ जाता है। स्वस्थ वजन बनाए रखने से गठिया होने के खतरे को काफी कम किया जा सकता है। वजन को कम रखने के लिए स्वस्थ और पौष्टिक आहार के सेवन के साथ-साथ नियमित व्यायाम करने से भी लाभ मिल सकता है। वजन प्रबंधन में नियमित शारीरिक गतिविधि को सबसे प्रभावी है।

नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

शारीरिक गतिविधि जोड़ों की गतिशीलता को बनाए रखने, मांसपेशियों को मजबूत करने और समग्र स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। यह एंडोर्फिन के स्राव को भी बढ़ावा देता है, जो दर्द को प्रबंधित करने में मदद कर सकता है। अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम जैसे वॉकिंग, साइकिल चलाना, तैराकी या योग को शामिल करें। व्यायाम की आदत बनाने से वजन को कंट्रोल रखना और जोड़ों की समस्याओं को कम करना दोनों आसान हो सकता है।



होटल के रूम में अच्छी नींद नहीं आती तो फॉलो करें ये टिप्स

फिलहाल छुटिटयों का मौसम है और यात्रा के दौरान होटल में सोना कभी-कभी चुनौती भरा हो सकता है, लेकिन कुछ सुझावों का पालन करके आप अपने अनुभव को बेहतर बना सकते हैं। होटल के रूम में नींद न आने की समस्या आम है, लेकिन कुछ आसान टिप्स को फॉलो करके आप अच्छी नींद पा सकते हैं। यहां कुछ प्रभावी सुझाव दिए गए हैं जो आपको होटल के कमरे में बेहतर नींद लेने में मदद कर सकते हैं।

कमरे का चयन करना

सबसे पहले ये कोशिश करें कि ऊपरी मंजिल पर मौजूद कमरा चुनने से शोर कम होता है और नींद अच्छी आती है। होटल में कमरा लेने से पहले कमरे का जगह जरूर देख लें। यह तय करें कि आपका कमरा शोर वाले क्षेत्रों जैसे निकास द्वार, लिफ्ट और वेंडिंग मशीन से दूर हो। कमरे में पर्याप्त अंधेरा होना चाहिए। अगर पर्दे पूरी तरह से प्रकाश को रोक नहीं पाते हैं, तो आप आंखों पर नींद की पट्टी पहन सकते हैं। कमरे का तापमान ठंडा रखें, ध्यान रखें ये 18 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच हो।

सोने से पहले कमरे की रोशनी को कम रखें, ताकि आपकी नींद में कोई बाधा न हो

ज्यादा लाइट की व्यवस्था नींद में बाधा डाल सकती है, क्योंकि यह आपके शरीर के प्राकृतिक नींद-जागने के चक्र को बाधित करती है। जब आप सोते हैं, तो आपका शरीर मेलाटोनिन नामक हार्मोन का उत्पादन करता है, जो आपको शांत और नींद में मदद करता है। प्रकाश मेलाटोनिन के उत्पादन को कम कर सकता है, जिससे सोना और सोते रहना मुश्किल हो जाता है। कार्बन फिल्टर वाली लाइट्स आपके कमरे की रोशनी को स्मूथ कर सकती हैं, जो नींद के लिए उपयुक्त होती है। धीमी और गर्म रोशनी का उपयोग करने से आपके मस्तिष्क को शांति मिलती है और सोने में मदद मिलती है।

इसके लिए चाहें, तो बेडरूम की सभी लाइटें बंद कर दें, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी भी शामिल है। अगर आपको थोड़ी रोशनी की जरूरत है, तो नाइट लाइट या रेड लाइट बल्ब का इस्तेमाल करें। अपने बेड रूम की खिड़कियों पर ब्लैक आउट पर्दे या अंधेरे रंग के पर्दे लगाएं।



अच्छी नींद के लिए इयरप्लग का इस्तेमाल करें

अगर आप शोर से आसानी से परेशान हो जाते हैं, तो बेहतर नींद के लिए सिलिकॉन इयरप्लग का इस्तेमाल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। शोर नींद में बाधा डाल सकता है और आपके नींद की गुणवत्ता को कम कर सकता है। इयरप्लग बाहरी शोर को कम कर सकते हैं, जिससे आपको सोना और सोते रहना आसान हो जाता है। ये आपको हवाई यात्रा के दौरान या होटल के कमरे में सोने में मदद कर सकते हैं, जहां शोर का स्तर अधिक हो सकता है।

रात के समय भारी भोजन करने से बचें

रात के समय भारी भोजन करने से बचना महत्वपूर्ण है, खासकर यात्रा के दौरान। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारी भोजन पचाने में अधिक समय लेता है और पेट में परेशानी पैदा कर सकता है, जिससे सोना मुश्किल हो जाता है। सोने से कम से कम दो घंटे पहले भोजन करें। इससे आपके शरीर को भोजन को पचाने और सोने के लिए तैयार होने का समय मिलेगा। हल्का और पौष्टिक भोजन चुनें।

पत्तल में खाना खाने से ग्रह दोषों से मिल सकता है छुटकारा, जानें महत्व



भारत में आज भी गांव में पत्तल में खाना खाने के परंपरा है। इतनी ही नहीं शादी-ब्याह में भी बारातियों को विशेष रूप से पत्तल में भोजन कराया जाता है। पत्तल में खाना खाने स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। साथ ही व्यक्ति को शुभ परिणाम मिल सकता है। बता दें, पत्तल में खाना खाने के परंपरा प्रचीन काल से चली आ रही है। वहीं ज्योतिष के लिहाज से पत्तल में खाना खाने का संबंध ग्रहों से है। अब ऐसे में आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि पत्तल में खाना खाने का महत्व क्या है।

पत्तल में खाना खाने का ज्योतिष महत्व क्या है?

ज्योतिष शास्त्र में पत्तल में खाना खाने से ग्रहों की स्थिति मजबूत हो सकती है। इससे व्यक्ति को जीवन में चल रही परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है। इसके अलावा देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। ऐसी मान्यता है कि अगर किसी जातक की कुंडली में शनि की साढ़ेसाती है, तो उसे पत्तल में खाना जरूर खाना चाहिए। इससे लाभ हो सकता है। बता दें, पलाश के पत्ते में खाना खाने से आरोग्य की प्राप्ति हो सकती है। केले के पत्ते में भोजन करने से पुण्य फलों की प्राप्ति हो सकती है।

पत्तल में खाना खाने का धार्मिक महत्व क्या है?

पत्तों को प्रकृति और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। जो शुद्धता को दर्शाता है। पत्तल में खाना खाने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है। साथ ही व्यक्ति को शुभ परिणाम भी मिल सकता है। वहीं पत्तल में खाना विनम्रता को दर्शाता है। यह व्यक्ति को सिखाता है कि जीवन में हमेशा सरल चीजों पर ध्यान केंद्रित करने से शुभ परिणाम मिल सकता है। बता दें, पत्ते बायोडिग्रेडेबल होते हैं, यानी कि जो पर्यावरण को प्रदूषित नहीं करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ऋग्वेद में, पत्तों को 'पर्ण' कहा जाता है और उन्हें पवित्र भोजन ग्रहण करने के लिए उत्तम माना गया है। रामायण में, भगवान राम और सीता वनवास के दौरान पत्तों पर भोजन करते थे। महाभारत में, पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध के दौरान, दोनों पक्षों के सैनिक पत्तों पर भोजन करते थे। इससे आश्य है, कि पत्ते में खाना सभी के लिए समान है। वहीं देवी-देवताओं को पत्ते में भोजन अर्पित करना स्वीकार्य माना जाता है।

पत्तल में खाना खाने का वैज्ञानिक महत्व क्या है ?

पत्तलग में खाना खाने से स्वास्थ्य में लाभ हो सकता है। जैसे कि केले के पत्ते में एंटीऑक्सीडेंट और कई पोषक तत्व भी शामिल होते हैं। जो स्वास्थ के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकते हैं। पत्तल में खाना खाने से पाचन क्रिया में भी सुधार हो सकता है।

हर शिव मंदिर में रखे त्रिशूल पर क्यों बंधा होता है लाल कपड़ा?



अक्सर ऐसा देखा जाता है कि हर शिवालय में भगवान शिव के प्रतीकों की स्थापना की जाती है। भगवान शिव के यूं तो कई प्रतीक हैं, लेकिन मुख्य रूप से हर शिव मंदिर में आपको त्रिशूल रखें अवश्य दिख जायेंगे। शिव मंदिर में या तो त्रिशूल की स्थापना होती है या फिर त्रिशूल रखने का विशेष स्थान बनाया जाता है। वहीं, अगर आपने कभी गौर किया हो तो शिवालय में गढ़े या रखे त्रिशूल पर लाल रंग का कपड़ा बांधा जाता है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य पं. विजयकांत भट्ट से जानते हैं कि क्यों लाल कपड़े को त्रिशूल पर लपेटा जाता है और क्या है इसका महत्व।

त्रिशूल पर लाल कपड़ा क्यों बांधते हैं?

ऐसा माना जाता है कि लाल रंग का संबंध मंगल ग्रह से है और मंगल ग्रह की उत्पत्ति भगवान शिव की मुस्कान से हुई है। ऐसे में भगवान शिव के पुत्र के समान ही माने जाते हैं मंगल ग्रह। पौराणिक कथा कहती है कि मंगल ग्रह ने घोर तप करके भगवान शिव के समीप रहने का वरदान मांगा था।

भगवान शिव ने जब मंगल ग्रह से कहा कि ग्रहों के चक्र से वह दूर हैं तो ऐसे में कैसे किसी ग्रह को वह अपने साथ रख सकते हैं तब मंगल ने भगवान शिव से आग्रह किया था कि मंगल के किसी प्रतीक को वह अपने किसी प्रतीक से जोड़ दें। तब शिव जी ने लाल रंग को अपने त्रिशूल से जोड़ा।

भगवान शिव ने लाल रंग का कपड़ा लेकर अपने त्रिशूल से बांधा और तभी से यह प्रथा बन गई कि त्रिशूल पर लाल कपड़ा बांधा जाए। हालांकि ज्योतिष में इसका महत्व इस रूप में माना जाता है कि लाल रंग का कपड़ा त्रिशूल पर बांधने से मंगल ग्रह मजबूत होता है और दोष दूर हो जाता है।

कार्नर न्यूज

स्कूल खुलने से पहले बच्चों को व्यस्त रखें एक्जीविटीज में

घर पर बच्चों के साथ करें इंटरेस्टिंग एक्टिविटीज, डबल हो सकता है छुट्टियों का मजा

गर्मी की छुट्टियां बच्चों के लिए मस्ती और रोमांच का समय होता है। इस दौरान कई बच्चे तो बाहर कहीं घूमने जाने की भी जिद्द करते हैं। लेकिन, तेज धूप और चुभती गर्मी के कारण उन्हें घर से बाहर घुमाने ले जाना काफी मुश्किल होता है। अगर बाहर गए भी हैं तो अब लौटने का समय हो चुका है, क्योंकि कुछ ही दिन में स्कूल खुलने के हैं। ऐसे में, आप घर में रहकर भी बच्चों के साथ कुछ मजेदार एक्टिविटी कर सकते हैं। इससे बच्चों का मनोरंजन भी हो जाएगा और उनकी छुट्टियों का मजा भी आप दोगुना बना सकते हैं। अगर आपके मन में कुछ ऐसा ही ख्याल है पर आप थोड़े कंफ्यूज हैं, तो चलिए हम आपको यहां कई सारी एक्टिविटी बताएंगे ताकि आपके बच्चे की समर वेकेशन को आप स्पेशल बना सकें।



गर्मी की छुट्टी को कैसे बनाएं खास?

अगर आप छुट्टी में घर पर ही कुछ स्पेशल करने की सोच रहे हैं, तो आप सबसे पहले बच्चों के साथ बैठकर उनसे उनकी फेवरेट खाने-पीने और खेलने आदि की चीजों के बारे में पूछें। इसके बाद, आप समय के अनुसार एक कैलेंडर तैयार कर लें और उसे रोजाना फॉलो करें। यह उन्हें व्यस्त रखने और छुट्टियों का आनंद लेने में मदद कर सकता है। इसके बाद गेम के बारे में विचार करें।

बोर्ड गेम्स और पजल्स

बच्चों की छुट्टियों को स्पेशल और मजेदार बनाने के लिए आप लूडो, कैरम, सांप सीढ़ी, चेस बोर्ड, पजल्स जैसे इंटरेस्टिंग गेम्स खेल सकते हैं। यह बच्चों के साथ समय बिताने और उनके दिमाग को एक्टिव और क्रिएटिव बनाने का एक शानदार तरीका हो सकता है। इन गेम्स के लिए दोपहर का समय आप तय कर सकते हैं।

मजेदार तरीके से कराएं पेंटिंग का टास्क

बच्चों को कला में इंटरेस्ट न भी हो तो उन्हें आसान पेड़, चांद, सूरज आदि का चित्र बनाकर उन्हें कलर करने का टास्क दें। इससे बच्चों में क्रिएटिविटी थिंकिंग और क्षमता बढ़ सकती है। साथ ही, इसके साथ ही बच्चों को ड्राइंग के लिए गिफ्ट देने का लालच भी दे सकते हैं। इससे वे और भी अच्छी पेंटिंग कर सकते हैं और कौशल विकास भी हो सकता है।

बच्चों के साथ बनाएं डीआईवाई क्राफ्ट्स

बच्चों के साथ घर पर डीआईवाई (डू इट योरसेल्फ) क्राफ्ट्स बना सकते हैं। इसके लिए आप आप पुराने सामानों का उपयोग करके नए और दिलचस्प क्राफ्ट्स बना सकते हैं। इसमें बच्चों का मन भी लगा रहेगा और उनकी छुट्टियों के दिन भी मजेदार बीतेंगे।

घर में बच्चों के साथ पौधे लगाना

गर्मी की छुट्टी में बच्चों का मन लगाने के लिए आप उन्हें पौधा लगाना भी सीखा सकते हैं। बच्चों को तो वैसे भी मिट्टी और पानी से खेलना पसंद होता है। ऐसे में, खेल-खेल में बच्चे पौधे लगाना भी सीख जाएंगे और उनके लिए पौधा लगाना एक इंटरेस्टिंग गेम जैसा भी हो सकता है।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

इंतजार हुआ खत्म, ओटीटी पर उठाएं गॉडजिला माइनस वन का लुत्फ



फिल्म गॉडजिला माइनस वन की स्ट्रीमिंग भारत में शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्देशन और लेखन तकाशी यामाजाकी ने किया है। दुनियाभर में धमाल मचाने वाली यह फिल्म भारत में बड़े पर्दे पर रिलीज नहीं हो सकी थी। हालांकि, अब इस फिल्म का लुत्फ भारतीय दर्शक ओटीटी पर उठा सकते हैं। गॉडजिला माइनस वन को मूल रूप से पिछले साल सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। दुनियाभर में इस फिल्म की जमकर प्रशंसा हुई थी। वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने बंपर कमाई की थी। भारी मांग के बावजूद फिल्म के निर्माता इसे भारत में रिलीज करने असफल रहे थे। पीवीआर आईनॉक्स पिक्चर्स के माध्यम से इस फिल्म को भारत में प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया था, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी थी और फिल्म को बड़े पर्दे पर नहीं दिखाया जा सका था। भले ही भारतीय दर्शक बड़े पर्दे पर इस फिल्म को न देख सके हों, लेकिन नेटफ्लिक्स ने फिल्म को भारतीय दर्शकों के लिए अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इसे जारी कर दिया है। फिल्म को अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषा में स्ट्रीम किया जा सकता है। लगभग डेढ़ करोड डॉलर के बजट में बनी गॉडजिला माइनस वन ने दुनियाभर में 11.5 करोड़ डॉलर से अधिक की कमाई के साथ बॉक्स-ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की है। यह सबसे अधिक कमाई करने वाली जापानी गॉडजिला फिल्म है। साथ ही, इसे फ्रैंचाइजी की सभी 37 फिल्मों में सबसे बेहतरीन फिल्म भी माना गया है।

टॉलीवुड

आज लॉन्च होगा प्रभास की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का ट्रेलर इस शहर में



फिल्मी गलियारे में 'कल्कि 2898 एडी' की चर्चा जोरों-शोरों से हो रही है। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसका देश भर में दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर जबर्दस्त उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म के निर्माता भी अब विभिन्न तरीकों से फिल्म की मार्केटिंग शुरू कर चुके हैं। फिल्म के कई नए पोस्टर साझा करने के बाद फिल्म के दो प्रमुख किरदार भैरवा और बुज्जी की एक एनमिटेड सीरीज भी लॉन्च की गई। इस सीरीज के बाद लोगों की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ गई है। मशहूर अभिनेता प्रभास की इस फिल्म को नाग अश्विन निर्देशित कर रहे हैं। यह भारतीय संस्कृति पर आधारित एक साइंस फिक्शन फिल्म होगी। फिल्म की रिलीज की तारीख 27 जून 2024 रखी गई है। अब फिल्म के ट्रेलर रिलीज करने संबंधित खबरें तेजी से फैल रही हैं। सोशल मीडिया के अनुसार, फिल्म की टीम मुंबई में ट्रेलर को रिलीज करने की योजना बना रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म का ट्रेलर 7 जून को रिलीज किया जा सकता है। इस हाई बजट और उच्च स्तरीय वीएफएक्स वाली फिल्म में कई बड़े कलाकार नजर आएंगे। फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण, दिशा पाटनी आदि कई कलाकार नजर आने वाले हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसे कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का बजट 600 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है।

भोजपुरी

विक्रांत की 'सौतन' करेगी धमाका, ट्रेलर देख फैंस बोले



विक्रांत सिंह राजपूत, संचिता बनर्जी और रितु सिंह स्टारर 'सौतन' फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'सौतन' में विक्रांत दो पत्नियों के बीच फंसे हैं और घरवालों के दबाव में शादी कर लेते हैं। जिस पत्नी को विक्रांत ने मरा समझा, वो उनकी दूसरी शादी के बाद वापस लौट आती है। भोजपुरी फिल्मों के स्टार विक्रांत सिंह राजपूत, रितु सिंह, संचिता बनर्जी और देव सिंह की नई फिल्म 'सौतन' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं, जबकि निर्देशक अजय कुमार झा हैं. यह फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक है और अनोखी घटना पर बनी है। यह फिल्म दर्शकों को न सिर्फ हंसाएगी और गुदगुदाएगी बल्कि भावुक भी कर देगी। 'सौतन' का ट्रेलर दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी है और इसे यूट्यूब पर गजब का रिएक्शन मिला है। इसके डायलॉग और गाने भी मजेदार हैं। 'सौतन' को लेकर निर्माता प्रदीप सिंह ने कहा, 'यह प्रेम, संघर्ष और समर्पण की एक अनूठी कहानी है, जिसे हमने बड़े ही जुनून और मेहनत से तैयार किया है।

दुल्हन वही जो...

शीर्ष फैशन डिजाइनरों के तैयार डिजाइनों को प्रस्तुत करने इंडियन ब्राइडल फैशन वीक प्रसिद्ध फैशन शो में से एक है जो साल में दो बार आयोजित किया जाता है। रैंप शो इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण है, जिसमें नवीनतम रुझानों और डिजाइनों को प्रदर्शित किया जाता है। हेरिटेज ब्रांड, बॉलीवुड सुपरस्टार और फैशन ट्रेंडसेटर सभी इंडिया ब्राइडल फैशन वीक में नियमित रूप से भाग लेते हैं। ऐसे ही एक शो में अभिनेत्री सोनम कपूर की यह अदा दर्शकों को भा गई।




पैरों की खूबसूरती के लिए ही नहीं इसलिए भी जरूरी होता है पेडिक्योर

अक्सर लोग बदलते मौसम के साथ अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे स्किन अच्छी रहती है। साथ ही, हम खूबसूरत नजर आते हैं। लेकिन पैरों की खूबसूरत भी उतनी ही जरूरी होती है, जितनी चेहरे की। इससे हमारे पैर हेल्दी रहते हैं। साथ ही, स्किन से जुड़ी प्रॉब्लम कम होती है। इसके ऐसे कई सारे फायदे हैं, जिसे जानकर आ भी पेडिक्योर करवाना शुरू कर देंगे।

पेडिक्योर से सही होती है डैमेज स्किनः अगर आपकी स्किन ज्यादा डेड नजर आ रही है। इसकी वजह से आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो ऐसे में आप पेडिक्योर कराएं। इसे करवाने से आपके पैरों की डेड स्किन प्रॉब्लम कम हो जाएगी। साथ ही, अगर आपकी एडियां फट रही हैं या क्रेक आ रहे हैं, तो वो धीरे-धीरे कम हो जाएंगे। इसलिए भी आपको इसके जरूर करवाना चाहिए। इसके लिए आप फिश या नॉर्मल पेडिक्योर करा सकती हैं।

पेडिक्योर से साफ हो जाते हैं नाखूनः अगर




आपको लगता है कि आपके पैरों के नाखूनों के पास गंदगी ज्यादा हो गई है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप पेडिक्योर करवाएं। इसे करवाने से आपके पैर साफ हो जाएंगे। साथ ही आपके नाखूनों पर जमा एक्स्ट्रा मैल भी साफ हो जाएगा। साथ ही, उनकी लाइफ भी बढ़ जाएगी। सफाई करवाने से वो जल्दी नहीं टूटेंगे। इसके बाद आप इसमें नेल आर्ट करा सकती हैं।

इन चीजों के लिए भी करवाते हैं पेडिक्योर

कई सारे लोग होते हैं, जो पेडीक्योर पैरों की थकान को कम करने के लिए भी करवाते हैं। पैरों को सॉफ्ट बनाने के लिए भी पेडिक्योर कराया जाता है। पैर सुंदर नजर आएं साथ ही, लड़कियां शॉर्ट ड्रेस पहनें, तो पैर अजीब न लगे इसलिए भी पेडिक्योर कराया जाता है। पेडिक्योर करवाने से स्किन इवन नजर आती है।
पेडिक्योर कई सारे लोग घर पर भी करना पसंद करते हैं। वहीं कई लोग पार्लर जाकर पेडिक्योर करवाते हैं। लेकिन अगर आप घर पर कर रही हैं, तो इसमें इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट का पैच टेस्ट जरूर करें। अगर पैरों में को फंगल इंफेक्शन है, तो इसके लिए डॉक्टर की सलाह लें।


फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट हैं आजकल चलन में, खरीदने से पहले देखें अभिनेत्रियों के लुक्स





फैशन

गर्मी के मौसम में ज्यादातर लोग अपने लुक को लेकर काफी चिंतित रहते हैं, क्योंकि ये ऐसा मौसम होता है, जिसमें अगर सही कपड़ों का चुनाव न किया जाए तो आपके कपड़े ही आपको परेशान कर सकते हैं। जिस तरह से हम सर्दी के मौसम में कुछ भी पहनकर अपना जलवा बिखेरते रहते हैं, वैसा गर्मी के मौसम में चाहकर भी नहीं कर सकते। गर्मी के मौसम में ऐसे कपड़ों को पहनना सही माना जाता है जो आरामदायक हो। इस मौसम में कपड़ों के फैब्रिक से लेकर उसके प्रिंट तक का खास ध्यान रखा जाता है। ऐसे में अगर आप गर्मी के लिए खरीदारी करने का प्लान कर रही हैं तो अपने कलेक्शन में फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट को शामिल जरूर करें। फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट ज्यादातर हल्के रंग से ही बने होते हैं, जो इस मौसम के लिए परफेक्ट रहते हैं। इन्हें खरीदने के लिए आपको ज्यादा रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि ये ज्यादा महंगे नहीं आते।



साड़ी

साड़ी तो हर महिला का पसंदीदा परिधान होती है। ऐसे में आप चाहें तो अपने लिए ऐसी फ्लोरल प्रिंट की साड़ी खरीदें। अगर फ्लोरल प्रिंट की साड़ी शिफॉन प्रिंट में है तो ये आपको काफी आराम पहुंचाएगी। शिफॉन का साड़ी काफी हल्की होती है। ऐसे में आप आराम से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

अनारकली सूट

अगर गर्मी के मौसम में कहीं कोई पार्टी अटैंड करनी है तो बिना देर किए इस तरह का फ्लोरल प्रिंट का अनारकली सूट अपने लिए तैयार कराएं। इस तरह का अनारकली सूट गर्मी में आपको अलग और खूबसूरत दिखने में मदद करेगा।

मैक्सी ड्रेस

बहुत सी लड़कियों को मैक्सी ड्रेस पहनना पसंद होता है। ऐसे में आप कियारा आडवाणी की जैसी खूबसूरत मैक्सी ड्रेस अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। ये आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगी।

हरे रंग की चूड़ियों के साथ कंगन सेट बढ़ाएंगे आपके हाथों की शोभा

किसी भी मौके पर सजने-सवरने के लिए हम कई चीजों की मदद लेते हैं। वहीं तीज-त्योहार के मौके पर हम सभी खूबसूरत दिखना चाहते हैं। खास मौके पर ट्रेडिशनल लुक में जान डालने के लिए चूड़ियां हम सभी पहनते हैं। इसमें ज्यादातर हरे रंग की चूड़ियों को पहनना पसंद किया जाता है। तो आइये देखते हैं हरे रंग की चूड़ियों के साथ कंगन के कुछ नए डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन चूड़ियों और कंगन के सेट बनाने के आसान टिप्स-

फैंसी कंगन के साथ हरी चूड़ियांः आजकल कई तरह के डिजाइन में आपको कंगन के सेट देखने को मिल जाएंगे। इसमें आजकल लटकन वाले मीनाकारी डिजाइन के हैवी कंगन को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इस तरह के कंगन आप चूड़ियों के बीच में सिंगल-सिंगल भी पहन सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह के कंगन में लटकन खुद कस्टमाइज करके भी लगवा सकती हैं।

गोल्डन कंगन के साथ हरी चूड़ियांः गोल्डन कलर देखने में सबसे रॉयल लुक देने में मदद करता है। इसमें आप प्लेन चूड़ियों से लेकर अलग-अलग डिजाइन के कुंदन वर्क के




कंगन को साथ में जोड़कर चूड़ियों का सेट बना सकती हैं। देखने में इस तरह के कंगन सेट आपके हाथों को काफी हैवी लुक देने में मदद करेगा। खासकर भारी हाथों पर इस तरह के चूड़ी सेट बेस्ट नजर आते हैं।

लाल कंगन के साथ हरी चूड़ियांः लाल और हरे रंग के कालो कॉम्बिनेशन को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इसमें आपको मिरर वर्क से लेकर कुंदन डिजाइन तक में काफी तरह के अलग-अलग डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे। इसमें आप चौड़े डिजाइन के लाल कंगन के साथ में कई साड़ी हरी चूड़ियां मिलाकर सेट बना सकती हैं।

ऑयली स्किन के लिए बेस्ट रहेगा बेसन से किया फेशियल, जानें तरीका

खूबसूरत हम सभी दिखना चाहते हैं। इसके लिए हमें स्किन का भी समय-समय पर जरूरत अनुसार ख्याल रखना जरूरी होता है। ऐसे ही रोजाना स्किन केयर रूटीन के अलावा भी त्वचा को देखभाल की जरूरत होती है। इसके लिए आप चेहरे की मसल्स को रिलैक्स करने और अंदरूनी निखार को बाहर लाने के लिए फेशियल कर सकती हैं। गर्मी के मौसम में अक्सर त्वचा ऑयली हो जाती है। ऐसे में आप बाहरी प्रोडक्ट्स की जगह घर पर मौजूद चीजों से फेशियल कर सकती हैं। तो आइये जानते हैं ऑयली स्किन के लिए किस तरह से और किन चीजों की मदद से किया जा सकता है फेशियल।



स्टेप 1: सबसे पहले चेहरे को साफ पानी से धो लें। इसके बाद आप एक बाउल में 2 से 3 चम्मच बेसन के साथ में गुलाब जल और कच्चे दूध को मिला लें।इन दोनों को आपस में मिक्स करने के बाद में आप चेहरे पर हल्के हाथों के दबाव से मसाज करते हुए इसे लगायें।यह चेहरे की त्वचा पर क्लींजर की तरह से काम करेगा। अब चेहरे को साफ पानी से धो लें।

स्टेप 2: इसके बाद आप एक खीरे को पीसकर बाउल में डालें। इसमें 1 से 2 चम्मच शहद की मिला लें। इन दोनों को मिक्स करके चेहरे पर 5 मिनट तक मसाज करें। चेहरे पर मसाज करने से यह एक फेस स्क्रब की तरह पोर्स को डीप क्लीन करने में मदद करेगा। इसके बाद चेहरे को साफ पानी की मदद से साफ कर लें।

स्टेप 3: आखिर में चेहरे पर फेस पैक लगाना बेहद जरूरी होता है।यह फेस स्क्रब के कारण चेहरे के खुले हुए पोर्स को बंद करने में मदद करेगा। इसके लिए एक बाउल में गुलाब जल, बेसन और एलोवेरा जेल की मिला लें। इन तीनों को मिक्स करने के बाद चेहरे पर लगा लें। लगभग 15 मिनट लगा रहने के बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें। अब आप अपना नार्मल स्किन केयर रूटीन को फॉलो करें।

कार्नर न्यूज

गर्मियों में पिकनिक के लिए होनी चाहिए खास ड्रेस

पिकनिक पर दिखना है कूल तो इस तरह से हों तैयार, लुक दिखेगा खास

क्या आप पिकनिक पर जाने की योजना बना रही हैं, लेकिन गर्मी भी बहुत है। ऐसे में स्टाइलिश दिखने के साथ ही कूल कैसे दिखा जाए? गर्मियों की छुट्टियों में हर कोई कहीं न कहीं घूमने या पिकनिक पर जरूर जाता है। यह हमें हमारे व्यस्त जीवन से थोड़ा-सा वक्त चुरा लेने का भी समय होता है। ये हमें हमारे आपसी संबंधों को बेहतर बनाने और रिलेक्स करने का भी मौका देता है लेकिन इस गर्मी के मौसम में ऐसा क्या पहना जाए, जो स्टाइलिश भी हो और कंफर्टेबल भी! हर लड़की के मन में बस यही सवाल आता है। अगर कुछ स्लीवलेस पहना तो टैनिंग हो जाएगी और अगर फुल स्लीव पहना तो गर्मी से हालत खराब हो जाएगी। वहीं स्टाइलिश दिखना भी जरूरी है। ऐसे में क्या पहना जाए?



टी-शर्ट और ट्राउजरः पिकनिक के लिए टी-शर्ट और ट्राउजर सबसे अच्छा विकल्प होते हैं। इस कॉम्बिनेशन में आपको आरामदायक महसूस होता है और आप स्टाइलिश भी दिखती हैं। एक कूल और कंफर्ट लुक के लिए आप क्रॉप टॉप के साथ सॉफ्ट लिनन पैंट भी पहनें। आप अपने बॉडी टाइप के अनुसार ट्राउजर्स के टाइप चुनें, जैसे कि पैंसिल, ऐंकल लेंथ, प्लाजो ट्राउजर आदि। इनको आप कई रंगों और प्रिंट में खरीद सकती हैं। इस पर आप प्लेन या प्रिंटेड टी-शर्ट पहनें।

गर्मी में फैशन के साथ-साथ आरामदायक कपड़ों का चुनाव करना भी जरूरी है। इस समय हल्के और सूती कपड़े पहनें। लिनेन, रेयॉन, खादी जैसे फैब्रिक इस मौसम में सही रहते हैं। इनमें नमी को सोखने की क्षमता होती है। आप हल्के रंगों के कपड़ों का चुनाव करें, जैसे कि सफेद, पेस्टल शेड्स, बेज, हल्का नीला आदि। ये रंग आकर्षक भी दिखते हैं और आपको गर्मी से भी बचाते हैं। आप चाहें तो हल्के फैब्रिक की ड्रेस, जंप सूट या लॉन्ग श्रग भी पहन सकती हैं। ये आपको स्टाइल के साथ ताजगी का अहसास भी कराएंगी। इस समय आपको पॉली या पॉली मिक्स कपड़े पहनने से बचना चाहिए।

-सरिता रावत सिंह, फैशन डिजाइनर



स्मोक ड्रेस

यह ड्रेस पिकनिक पर पहनने लिए एकदम बेस्ट है। यह ड्रेस ढीली-ढाली और आरामदायक होती है। इसे पहनकर आप आसानी से घूम-फिर सकती हैं। आप चाहें तो टैनिंग से बचने के लिए फुल स्लीव ड्रेस भी पहन सकती हैं। साथ ही आप यह ड्रेस अपनी पसंद के रंगों और डिजाइन पैटर्न में भी खरीद सकती हैं। आप इस ड्रेस को सैंडल या स्नीकर के साथ स्टाइल करें।

फ्लोरल रोम्पर ड्रेस

आप अपने दोस्तों, बच्चों या पति के साथ पिकनिक पर जाने की सोच रही हैं तो फ्लोरल रोम्पर ड्रेस पहन सकती हैं। यह ड्रेस इस मौके के लिए एक सही चुनाव साबित होगी। आप अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए मैटेलिक स्नीकर्स और सनग्लासेस भी पहन सकती हैं।